वर्ष : 09, अंक : 215
पृष्ठ : 08, मूल्य : 01 रूपया

दैनिक
# जौनपुर धारा

जौनपुर, बुधवार 09 नवम्बर 2022

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात






सिनेमा हाल में मजीन पर बैठकर फिल्म देखते थे अमिताभ

रोहित समेत अन्य खिलाड़ियों ने कुर्बान किया बिजनेस सीट

• उत्तर प्रदेश, जौनपुर से प्रकाशित • लोकप्रिय समाचार पत्र • R.N.I No.UPHIN/2014/58762 • डाक पं.संख्या- जे./आर.एन.पी./08/2022-2021

## सिख गुरुओं का है अपना एक गौरवशाली इतिहास : योगी

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नानक देव जी के 553वें पावन प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस बार प्रकाश उत्सव का कार्यक्रम लखनऊ के डीएवी कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया है। इस दौरान योगी ने कहा कि देश और दुनिया मे जहां भी भारत वंशी निवास कर रहे हैं वो पूरी श्रद्धा के साथ इस पवित्र उत्सव को मना रहे हैं। जानकारी मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्यकाल में कहा कि जब विधर्मियों के आतंक से देश और धर्म संकट में था, मानवता खातरे में थी,



बहन–बेटियों की इज्जत सुरक्षित नही थी, स्वयं के अस्तित्व के लिए मानवता गुहार लगा रही थी, उस कालखंड में मानवता के कल्याण के लिए जो प्रकाश पुंज प्रकट हुआ, जिन्होंने मानवता कल्याण के लिए अपने उपदेशों के माध्यम से अपने जनजागरण अभियान के माध्यम से एक बड़े अभियान को अपने हाथों में लिया, उन प्रकाश पुंज को हम गुरु नानकदेव जी के नाम से जानते हैं..आज उनके प्रकाश उत्सव के अवसर पर आपको बधाई। सीएम योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। देश और धर्म के लिए आत्म बलिदान देने की परंपरा रही है, वो आज भी नई प्रेरणा देती हैऔर समाज को ऊर्जा देती है। आज व्यापक साधन है तब भी हमें एक दूसरी जगह जाने में समय लगता है और हमें कठिनाई लगती है, लेकिन जिस समय साधन नही थे उस समय नानकदेव जी ने देश नही देश के बाहर धार्मिक उपदेश देकर मानवता का कल्याण किया। योगी ने कहा कि यहां तो हम बड़े उल्लास के साथ प्रकाश पर्व मना रहे हैं, लेकिन क्या ये ननकाना साहिब में भी सम्भव हो पा रहा है ये सोचने का विषय है। इतिहास केवल पढ़ने का विषय नही इतिहास एक मार्गदर्शक होता है इससे हमको प्रेरणा मिलती है। अतीत की गलतियों से सबक सीखने की प्रेरणा भी देता है,आखिर गुरुनानक जी का ननकाना साहिब हमसे अलग क्यों है? वहां ये पर्व मनाने के लिए स्वतंत्रता क्यो नही है? इसको भी सोचना चाहिए।जो भी स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए देश धर्म के लिए कार्य करेगा उसका नाम इसी तरह युगों युगों तक स्मरण किया जाएगा। आज हमको यही प्रेरणा यहां लेने की आवश्यकता है, पूरे प्रदेश वासियों को हृदय से बधाई व शुभकामनाएं।

## मप्र में राहुल गांधी की यात्रा से पहले भाजपा कोर ग्रुप की बैठक

भोपाल(एजेंसी)। मध्य प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार सक्रिय है, वहीं आगामी दिनों में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी राज्य में प्रवेश करने वाली है। उसी के चलते बुधवार को राजधानी के भाजपा दफ्तर में पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई है, इस बैठक में हिस्सा लेने तमाम बड़े नेता भोपाल पहुंचे हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था और डेढ़ दशक तक सत्ता में रहने के बाद बाहर का रास्ता



पकड़ना पड़ा। यह बात अलग है कि वर्ष 2020 में कांग्रेस के भीतर हुई बगावत के चलते फिर भाजपा सत्ता में आ गई। भाजपा संगठन और सरकार राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय है और हर स्तर पर रणनीति भी बनाई जा रही है। भाजपा कोर ग्रुप की बुधवार को हो रही ।

## संसद के केंद्रीय कक्ष में 26 नवंबर को मनाया जायेगा संविधान दिवस

नयी दिल्ली(एजेंसी)। संसद के केंद्रीय कक्ष में 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संबोधित करेंगे। लोकसभा सचिवालय के प्रपत्र से यह जानकारी मिली है। इसमें कहा गया है कि संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में 26 नवंबर को सुबह 11 बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस कार्यक्रम को राष्ट्रपति के अलावा उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी संबोधित करेंगे। राष्ट्रपति अपने संबोधन के बाद संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगी। गौरतलब है कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है क्योंकि 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था। संविधान दिवस की शुरुआत 2015 से की गई थी। भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था।

## कांग्रेस ने नोटबंदी पर श्वेत पत्र लाने की मांग की

नयी दिल्ली(एजेंसी)।कांग्रेस ने नोटबंदी के छह साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के इस कदम के बाद चलन में नकदी 72 प्रतिशत बढ़ गई और ऐसे में सरकार को इस पर श्वेत पत्र लाना चाहिए। पार्टी नेता गौरव वल्लभ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नोटबंदी रूपी इस भयावह विफलता को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 8 नवंबर 2016 का दिन सबको याद होगा। आज भारत की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के फैसले की छठी बरसी है। नोटबंदी के 50 दिन के बाद आज तक सरकार ने नोटबंदी का नाम तक नहीं



लिया है। वल्लभ ने दावा किया, हिंदुस्तान के इतिहास की सबसे बड़ी ऑर्गेनाइज्ड लूट 8 नवबंर 2016 को नोटबंदी के माध्यम से सरकार ने की। उन्होंने कहा, पिछले 6 साल में अर्थव्यवस्था में जो कैश–इन–सर्कुलेशन (चलन में नकदी) है, वो 72 प्रतिशत बढ़ा है। 2016 में अर्थव्यवस्था में चलन में नकदी 17.97 लाख करोड़ रुपये थी, जो आज 30.88 लाख करोड़ रूपये हो चुकी है। वल्लभ का कहना था, नोटबंदी पर सरकार के दावे धराशायी हो गए हैं। कालाधन कम नहीं हुआ, स्विस बैंक में भारतीयों का धन 14 साल के उच्चतम स्तर पर है। नकली नोट भी कम नहीं हुए, रिजर्व बैंक की 2021–22 की रिपोर्ट के अनुसार 500 रूपये के नकली नोटों में 102 प्रतिशत की बढ़त, 2000 के नकली नोटों में 55 प्रतिशत की बढ़त हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा की थी। इसके तहत 500 रुपये और एक हजार रुपये के नोट चलन से बाहर हो गए थे। 500 रुपये और 2000 रुपये के नए नोट चलन में आये थे।

## जरकीहोली के हिंदू शब्द को फारसी बताने के बाद डैमेज कंट्रोल में जुटी कर्नाटक कांग्रेस

बेंगलुरू (एजेंसी)। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सचिव सतीश जरकीहोली की उस विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस डैमेज कंट्रोल मोड में नजर आ रही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदू शब्द फारसी मूल का है और इसका अर्थ गंदा होता है। जरकीहोली ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी धर्म के अनुयायियों की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा। उन्होंने कहा, हमें जाति और धर्म से ऊपर उठना चाहिए। हिंदू धर्म से जुड़ी किसी भी चीज का महिमामंडन करना उचित नहीं है। इस विवादस्पद टिप्पणी के लिए कांग्रेस ने माफी मांगी और इस बयान से खुद को दूर किया, हिंदू संगठनों ने मंगलवार को उनकी टिप्पणियों के लिए जरकीहोली के खिलाफ नारा देना जारी रखा। कांग्रेस आगामी छह महीने से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। कर्नाटक कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने स्पष्ट किया है कि हिंदू धर्म जीने का एक तरीका है और एक सभ्यतागत वास्तविकता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हर धर्म और आस्था का सम्मान करने के लिए देश का निर्माण किया। यही भारत का सार है। उन्होंने कहा, जरकीहोली को दिया गया बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और खारिज किए जाने लायक है। हम इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। इसी बीच जारकीहोली ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है कि उन्होंने किसी धर्म या भाषा का अपमान नहीं किया है। उन्होंने कहा, यह सच है कि मैंने उल्लेख किया है कि हिंदू शब्द फारसी मूल का है। मैंने इस पर पूरी चर्चा की मांग की है। कांग्रेस नेता ने कहा, यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड



उपलब्ध हैं कि हिंदू शब्द के अलग–अलग अर्थ हैं। मैंने इस पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, देश भर में पूरे मीडिया में एक शब्द पर टिप्पणियों पर बहस चल रही है। मैं इस मामले पर स्पष्टीकरण दे रहा हूं। यह सतीश जरकीहोली का बयान नहीं था। हर दिन हजारों ऐसे ही भाषण दिए जाते हैं। केवल मेरे बयान को हाइलाइट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं हिंदू, फारसी, इस्लाम, जैन और बौद्ध धर्म की सीमाओं को लांघकर अपना काम कर रहा हूं। हमें जाति और धर्म से ऊपर उठना चाहिए। इस पृष्ठभूमि में मैंने जो कहा उसमें कुछ भी गलत नहीं है। जरकीहोली ने कहा कि फारसी शब्दों के यहां आने के बारे में सैकड़ों रिकॉर्ड हैं, उन्होंने कहा कि जिस तरह से यूक्रेन और रूस युद्ध के बारे में बात की जा रही है, इस खबर पर चर्चा की जा रही है। जब हिंदू धर्म से जुड़े मामलों की बात आती है तो चीजों को सनसनीखेज बनाना गलत है। उन्होंने कहा कि जब हिंदू मारे जाते हैं, तो उन्हें विशेष ध्यान दिया जाता है। लेकिन साथ ही अगर दलितों की हत्या की जाती है तो इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। हिंदू धर्म पर दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भाषण सुनना चाहिए। हिन्दू धर्म को एक जीवन पद्धति के रूप में वर्णित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी यही कहा है। उन्होंने कहा, मैं किसी का अपमान नहीं करना चाहता। सभी धर्म मेरे समान हैं। मैं जाति और धर्म में विश्वास नहीं करता। मैं उनसे दूरी बनाए रखता हूं। इस मामले पर बहस से किसी को फायदा नहीं होगा। अगर मीडिया अभी भी बहस जारी रखता है तो, मैं मानहानि का मुकदमा दायर करूंगा। मैंने केवल श्फारसीश शब्द पर बहस की मांग की। मैंने किसी भी धर्म या भाषा का अपमान नहीं किया है और यह मेरा नहीं था, मैंने विकिपीडिया को उद्धृत किया है।.

## उत्तर प्रदेश उपचुनाव: खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव 5 दिसंबर को

नयी दिल्ली(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को उपचुनाव होगा । चुनाव आयोग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विक्रम सिंह को वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे से जुड़े मामले में दोषी ठहराये जाने एवं दो साल की सजा दिये जाने के मद्देनजर इस सीट पर चुनाव अनिवार्य हो गया था। दोषी ठहराये जाने के बाद सिंह को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था और हाल ही में उत्तर प्रदेश विधानसभा ने इसे अधिसूचित कर दिया था। सितंबर 2013 में कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं के भड़काऊ भाषण के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिक हिंसा शुरू हो गई थी। इसमें कम से 60 लोगों की मौत हो गई थी और काफी लोग दंगे के दौरान पलायन कर गए थे। ओडिशा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ (प्रत्येक में एक–एक सीट पर) तथा उत्तर प्रदेश के एक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव भी पांच दिसंबर को होना है।

## शिक्षा लाभ कमाने का जरिया नहीं : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शिक्षा लाभ कमाने का जरिया नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस बढ़ाकर 24 लाख रुपये सालाना किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने याचिकाकर्ता नारायण मेडिकल कॉलेज और आंध्र प्रदेश पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यह राशि छह सप्ताह के अंदर न्यायालय की रजिस्ट्री में जमा करानी होगी। पीठ ने कहा, फीस (ट्यूशन) बढ़ाकर 24 लाख रुपये सालाना करना, यानी पहले से तय की गई

## झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

नयी दिल्ली(एजेंसी)। झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों, उनके कथित सहयोगियों तथा कोयला और लौह अयस्क कारोबारों से संबंधित उनके ठिकानों पर छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन और निवेश का पता लगाया है। यह छापेमारी पिछले सप्ताह की गयी थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक चार नवंबर को शुरू की गई छापेमारी के दौरान झारखंड के रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर और चाईबासा, पटना (बिहार), गुरुग्राम (हरियाणा) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कुल 50 ठिकानों पर तलाशी ली गयी।

## लाल कृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर बधाई देने मोदी उनके घर पहुंचे

नयी दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी मंगलवार को 95 साल के हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी है। दोनों नेताओं की श्री आडवाणी से मिलने की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी सामने आई हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी काफी उत्साह से भाजपा वरिष्ठ नेता आडवाणी को बधाई देते नजर आ रहे हैं। श्री मोदी ने इस दौरान उन्हें गुलदस्ता भी भेंट किया। रक्षा मंत्री सिंह भी श्री आडवाणी से मिले और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। रक्षा मंत्री ने ट्विटर पर लिखा, "मैं आदरणीय आडवाणी जी के घर गया और उन्हें जन्मदिन की बहुत–बहुत शुभकामनाएं दीं। मैं ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।" श्री सिंह के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी श्री आडवाणी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। श्री शाह ने भी ट्वीट कर बधाई दी है और लिखा "आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आडवाणी जी ने अपने सतत परिश्रम से एक ओर देशभर में संगठन को मजबूत किया तो वहीं दूसरी ओर सरकार में रहते हुए देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी श्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। डॉ जयशंकर दो दिवसीय रूस की यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि श्री आडवाणी जी द्वारा कालेधन के विरुद्ध की गई जन चेतना यात्रा के प्रभाव को याद कीजिए।



# गुरु नानक देव की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

## जनपद में धूमधाम से मनाया गया 553वां प्रकाशोत्सव पर्व

**जौनपुर धारा**

**जौनपुर।** गुरुनानक देव का 553वां प्रकाशोत्सव पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। शाम छह बजे सुन्दर गुरुद्वारा ओलंदगंज से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर भ्रमण करती रात नौ बजे के बाद गुरु तेगबहादुर तपस्थान रासमंडल गुरुद्वारा पर जाकर समाप्त हुई।





शोभायात्रा में आगे आगे घोड़ा, उसके पीछे बैंडबाजा, उसके पीछे रथ पर गुरुग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया था। उस पर गुरु तेगबहादुर तपस्थान रासमंडल के ग्रंथी ज्ञानी पदासीन थे। उक्त रथ के पीछे प्रसाद वितरण करते लोग चल रहे थे। रथ के आगे पंच प्यारे के रूप में चल रहे थे। इसके पूर्व गुरुद्वारा रासमंडल में सबद कीर्तन हुआ। गुरु सिंह सभा के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सुबह 10 बजे अखण्ड साहिब पाठ समाप्त होने पर 11 बजे तक रासमंडल गुरुद्वारा के ग्रंथी ने कीर्तन किया। शोभायात्रा के रासमंडल गुरुद्वारा पहुंचने पर जत्थे ने कीर्तन अरदास किया। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन हुआ। सभी कार्यक्रम गुरुग्रंथ साहिब की छत्रछाया में सम्पन्न हुआ।

# ट्रेन से कटकर चाय विक्रेता की मौत

## रेल पटरी तक जाने की वजह नहीं हो सकी साफ

## सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के देवकली का मामला

**जौनपुर धारा**

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के महगावां रेलवे स्टेशन के पास वाराणसी-फैजाबाद रेल प्रखंड पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटकर एक चाय विक्रेता की मौत हो गई। सुबह रेलवे स्टेशन पर घूमने लोग पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के कई गांव के लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। रेल पटरी तक जाने का मामला पता नहीं चल रहा है। जानकारी के अनुसार देवकली गांव निवासी प्रेमलाल यादव की (डालहनपुर) पूर्वांचल विश्वविद्यालय के निकट शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर होटल व चाय-पान की दुकान है। मंगलवार की सुबह 8.30 बजे दुकान से लगभग दो किलोमीटर दूर महगावा रेलवे स्टेशन के समीप वाराणसी-फैजाबाद रेल प्रखंड पर प्रेमलाल यादव की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर गांव व आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी परिजनों और पुलिस को दिया। मौके पर स्थानीय व रेलवे पुलिस पहुंच गई है। फिलहाल अभी हादसे की वजह साफ नहीं हो पायी है।

# थानागद्दी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने चलाया बुल्डोजर

**जौनपुर धारा**

केराकत। थानागद्दी बाजार में किए गए बेहिसाब अवैध अतिक्रमण पर मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस फोर्स के बीच बुलडोजर चलाया गया। थानागद्दी-मोड़ैला मुख्य मार्ग पर बनी दुकानों के आगे लगे टिन शेड और पक्के निर्माण के ध्वस्त होने से लोगों में हड़कम्प मच गया।



जानकारी के अनुसार थानागद्दी बाजार में दुकान और मकान के सामने लोग अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रखे थे। अवैध तरीके से दुकानों के सामने टीन शेड लगाकर व लकड़ी के तख्त डालकर रास्ते को सकरा कर दिए थे। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बाजार में वाहनों को निकालने में चालक को परेशानी होती थी। अक्सर जाम भी लग जाता था। इसके चलते लोग परेशान रहते थे। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष बजरंग बहादुर सिंह सहित अनेक लोगों ने कई बार जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से अतिक्रमण की शिकायत की थी। इसे लेकर बाजार में पुलिस के साथ उपजिलाधिकारी ने दो माह पूर्व अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी भी दी थी। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष वर्मा के आदेश पर तहसीलदार केराकत अमित त्रिपाठी व पीडब्लूडी सहायक अभियंता ए हक ने थानागद्दी पुलिस को लेकर अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। अवैध तरीके से लगी दीवार और टीन शेड को पूरी तरह से बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। कुछ आक्रमणकारी अतिक्रमण के सामान को खोल कर ले जाते हुए नजर आए। प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण को लेकर चेतावनी दी। अतिक्रमण हटाने वाली टीम टीम में पीडब्ल्यूडी जेई मंजूर आलम, कानूनगो शैलेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल चंद्रजीत यादव, लेखपाल राजेश श्रीवास्तव, लेखपाल मनीष मौर्य, लेखपाल कमलेश यादव आदि रहे।

# अद की बैठक में निकाय चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**जौनपुर धारा**

जौनपुर। अपना दल एस पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय वाजिदपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल ने किया। सर्वप्रथम संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू माली ने कहा कि आज हम सबके लिए खुशी का दिन है। 4 नवंबर को राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना दल एस पार्टी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में हम सब की नेता अनुप्रिया पटेल को सर्वसम्मति से पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। पार्टी उत्तर प्रदेश में आगामी माह में होने वाले निकाय चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पार्टी निकाय चुनाव में बहुत ही मजबूती के साथ अपने प्रत्याशियों को लड़ाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी का विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जो बेहद सफल रहा। हर जाति धर्म के लोग सपा बसपा कांग्रेस छोड़कर अपना दल एस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र नाथ योगी, जय प्रकाश पटेल, गंगा प्रसाद पटेल, हरिहर प्रसाद वर्मा, डॉ. मनीष यादव, अनिल जायसवाल, संजय प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष हरिहर पटेल ने किया।

# युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

**जौनपुर धारा**

**मुंगराबादशाहपुर।** किसी बात से नाराज होकर एक युवक द्वारा जहरीले पदार्थ प्रयोग कर आत्महत्या करने की कोशिश की गयी जिससे उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी विंध्यवासिनी (23) किसी बात को लेकर नाराज होकर मंगलवार की शाम विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया तथा उसे आनन फानन में उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# आम आदमी पार्टी ने निकाली गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रो

**जौनपुर धारा**

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा 371 विधानसभा जफराबाद में 'गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ' यात्रा जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना की अध्यक्षता में निकाली गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी कैलाश पटेल, तथा बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा एवं गुलाब सिंह राठौर शामिल हुए। यह कार्यक्रम व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पाठक एवं पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी तथा कार्यकारिणी सदस्य संजय पाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव विनोद प्रजापति द्वारा किया गया। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों के बारे में बताया गया और लगभग 20 प्रत्याशियों ने आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन फॉर्म लिए। कुछ लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी दिलवायी गयी। इस मौके पर काशी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा, विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, शशिधर चौहान, अनीता मिश्रा, पूजा सिंह इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल रहे। उपरोक्त जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दी।

# टेंढ्रन ठहराव को लेकर आंदोलनकारियों ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर धारा**

**मड़ियाहूँ।** समाजसेवी जज सिंह अन्ना के साथ सैकड़ों रेल आंदोलनकारियों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन मास्टर को सुहेलदेव एक्सप्रेस 22433, 22434 के ठहराव और जौनपुर से प्रयागराज संगम जाने वाली पैसेंजर ट्रेन जो करोना संकटकाल के बाद 7 बजे जौनपुर से चलाई गई है उसको जौनपुर से पूर्ववर्ती समय 5:20 बजे चलाए जाने की मांग का ज्ञापन सौंपा।



आंदोलनकारियों ने प्रयागराज संगम से शाम को 5:40 बजे प्रयागराज संगम-जौनपुर पैसेंजर चलाए जाने की मांग की। आंदोलनकारियों ने एक स्वर से कहा कि हम एक बोगी रेलयात्री दिल्ली जाने के लिए प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर तैयार हैं और हमारी मांग जायज है फिर भी हमको रेलवे विभाग, रेल मंत्रालय, चेयरमैन भारतीय रेल कामर्शियल दृश्य रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं दे रहे हैं जबकि जितने भी डीआरएम इस समय रेलवे स्टेशन पर दौरा करते हैं सब एक स्वर से कहते हैं कि कमर्शियल दृष्टि से ठहराव बहुत जरूरी है लेकिन अभी तक सुहेलदेव एक्सप्रेस का ठहराव नहीं हुआ जिसके लिए हम रेलयात्री बहुत परेशान हैं। आन्दोलनकारियों ने कहाकि 15 नवंबर के पहले हमारी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो हम 15 नवंबर को सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक जफराबाद जंक्शन से जंघई जंक्शन के बीच की सभी स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन करेंगे जिसमें मुख्य स्थान मड़ियाहूँ रेलवे स्टेशन होगा।

# बकरी दरवाजे पर जाने को लेकर पीटा

**जौनपुर धारा**

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम कदहरा में मंगलवार को प्रातः लगभग छः बजे पड़ोसी के दरवाजे पर बकरी चले जाने पर दबंग पड़ोसी ने रीनू देवी 35 वर्ष पत्नी मनबास यादव को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : टी.राम

## गरीबों की सेवा पुनीत कार्य : सीमा द्विवेदी

**जौनपुर धारा**

सुजानगंज। क्षेत्र के गया प्रसाद द्विवेदी शिंक्षण संस्थान सखवट में समाजसेवी स्व. मुरलीधर पाठक की पुण्यतिथि में उद्योगपति प्रमोद पाठक द्वारा चौदह सौ गरीब असहाय लोगों को कंबल तथा पांच हजार नोट्स बुक वितरित किया गया।



मुख्य अतिथि अजगरा के विधायक टी. राम ने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गरीबों की सेवा करना पुनीत कार्य है। पिता के स्वप्नो को पूरा करना पुत्र का परम कर्तव्य है। अपने पिता की पुण्यतिथि पर इस प्रकार का आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि वह पुत्र धन्य है जो पिता की पुण्यतिथि पर इतनी बड़ी समाजसेवा करने का बीड़ा उठाया है। गरीबों की सेवा करना पुनीत कार्य है। आज के समय में दूसरों का सहयोग करना चाहिए। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि पैसों से सेवा नही की जाती। एक पौधा लगाकर, गरीब बच्चों की फीस देकर, मरीजों को दवा दिलाकर भी पुण्यतिथि मना सकते हैं। अपने माता पिता के ऋण को कभी उतारा नही जा सकता इसलिए उनके नाम पर कुछ समाज सेवा की जानी चाहिए। आयोजक प्रमोद पाठक ने सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया तथा कहा कि आने वाले समय में इससे भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विधायक शाहगंज रमेश सिंह, प्रमुख मुंगरा बादशाहपुर सत्येंद्र सिंह, चेयरमैन मुंगराबादशाहपुर शिवगोविन्द साहू, विवेक सिंह राजा, सतीश सिंह ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पाण्डेय तथा संचालन आनंद त्रिपाठी ने किया। डा. जयप्रकाश त्रिपाठी, भेलानाथ मिश्र, लाल उपाध्याय, दिनेश मिश्र, डा. राकेश शुक्ल आदि सहित लोग उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**जौनपुर धारा, मुंगराबादशाहपुर।** जौनपुर नेशनल हाईवे पर सरायडिंगुर गांव के निकट मंगलवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे दो बाइकों में आमने सामने हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सतहरिया अजय पाण्डेय ने तीनों घायलों को उपचार हेतु पीएचसी में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गोविंदासपुर निवासी बबलू (20)अपनी बाइक से सतहरिया की ओर जा रहा था। जैसे ही सरायडिंगुर गांव के निकट पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार होने के कारण सामने से आ रही बाइक से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार प्रयागराज जिले के हंड़िया निवासी रहीश (46) शमसेर (17) घायल हो गए। घटना के बाद पहुंचे आसपास के लोगों ने घटना की सूचना सतहरिया पुलिस चौकी प्रभारी अजय प्रकाश पाण्डेय को दी। लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को उपचार हेतु पीएचसी में भर्ती कराया जहां बबलू की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

# राजकोट से मछलीशहर पहुँची गुजरात पुलिस, युवती को लिया हिरासत

**जौनपुर धारा**

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली के मुस्तफाबाद बाजार के निकट एक गाँव में पहुँची गुजरात पुलिस ने एक युवती को हिरासत में लेकर वापस लौट गई। गुजरात प्रदेश के राजकोट निवासी एक पिता की तहरीर पर 21 अगस्त को राजकोट पुलिस स्टेशन में अपनी पुत्री की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की छानबीन में पता मछलीशहर कोतवाली के मुस्तफाबाद निवासी पिंटू अली पुत्र आसिफ अली अपने को हिन्दू बताकर युवती को बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया। जाँच पड़ताल में युवती के बालिग होने पर पुलिस ने भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। किन्तु युवती के पिता ने राजकोट न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुत्री को मुस्लिम युवक द्वारा झूठ बोलकर और गलत नियत से लेकर फरार होने का आरोप लगाया जिसके बाद राजकोट न्यायालय ने गुजरात पुलिस को 11 अक्टूबर को युवती को न्यायालय में हाजिर करने का आदेश दिया। गुजरात पुलिस द्वारा इंस्पेक्टर पीवी त्राजिया के नेतृत्व में महिला फोर्स के साथ अपने वाहन से पहुंचे कोतवाली पुलिस की एक टीम के साथ मुस्तफाबाद से युवती को बरामद कर अपने साथ ले गई। मामले में प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि गुजरात पुलिस कोर्ट के आदेश पर युवती को लेकर चली गई।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में किशोरी से छेड़छाड़ करने पर पिता ने डांटा था

बांदा (यूएनएस)। जिले में एक युवक का शव फंदे में लटका मिला है। आरोप है गांव की एक किशोरी से छेड़छाड़ की शिकायत लड़की के परिजनों ने युवक के पिता से की थी। शिकायत पर उसके पिता ने डांट–फटकार लगाते हुए पिटाई कर दी, जिससे युवक घर से दुकान जाने की बात कहकर लापता हो गया और उसका शव आज सोमवार गांव के बाहर फंदे के पेड़ से लटका मिला है। इधर युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना बदौसा थाना इलाके की है। जानकारी के मुताबिक बिसंडा थाना के ग्राम बनई के रहने वाले देवराज का 24 वर्षीय बेटा सुशील दिल्ली में रहकर ठेकेदारी का काम करता था। वहां से वह कुछ महीने पहले लौटा था। रविवार रात वह हमेशा की तरह घर से खाना खाकर पिता की किराने की दुकान में सोने के लिए कहकर निकला, इसके बाद वह लापता हो गया। परिजन रात भर खोजते रहे लेकिन नहीं मिला और सुबह उसका शव गांव के बाहर गौतमपुर नाले के पास बबूल के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला है। परिजनों ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत की थी। इसी को लेकर परिजनों ने उसे डांट दिया और गुस्से में थोड़ी पिटाई भी कर दी। इससे युवक मानसिक तनाव में आ गया और उसने सुसाइड कर लिया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। शव मिलने के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शव देखकर परिजनों के होश उड़ गए। मौजूद परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उनका कहना है कि हमारे बेटे की हत्या कर पेड़ पर लटका दिया गया है। मृतक चार भाइयो में सबसे बड़ा था और अभी शादी नहीं हुई थी। एसएचओ बिसंडा के के पांडेय ने बताया कि युवक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

**अदालती नोटिस**
हेतु संदर्शित करने कीं सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर सिविल जज(जू.डि.)
प्रथम, जौनपुर
इजरावाद.नं.13/2016
शिवनारायण **बनाम** रामयज्ञ
ता.पेशी-14/11/2022,आपत्ति/निस्तारण
1/1.रमाशंकर उ.त.56 साल 1/2.केवला शंकर उ.त.53 साल 1/3.रामसनेही उ.त. 50साल 1/4.दिनेश उ.त.45 साल पुत्रगण स्व.रामयज्ञ सा.मौजा मनौरा पर.बरसठी तह.मड़ियाहूँ जिला जौनपुर
चूँकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त संदर्शित करने के लिये 2022के 11के 14दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 बजे सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय मुद्रा सहित आज 20... के ...के..दिवस को निकाली गई। (न्यायालय)

**अदालती सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदार उमूर तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज(जू.डि.)शाहगंज, जौनपुर
मु.नं.383/2022
अरमान उर्फ अरमान मुश्ताक **बनाम** नूर मोहम्मद
ता.पेशी-15/11/2022,जवाब/तनकीह
**बनाम** 1.नूर मोहम्मद उ.त.50 साल पुत्र जोखू 2.कमरून्निशा उ.त.85 उ.त.बेवा जोखू सो.मौजा बहरीपुर पर.चांदा तह.बदलापुर जिला जौनपुर -मुद्दालेहुम
आपके नाम एक नालिस के दायर की है जिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 11सन 2022ई.जवाबदेही व तनकीह बवक्त 10 बजे सुबह के अदालत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके जिसके साथ और कई सख्श हो जो की जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहतें हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर ता.मजकूर पर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूस और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख ....माह....सन् 20..ई. को निकाली गई। न्यायालय

**अदालती नोटिस**
हेतु संदर्शित करने कीं सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर सिविल जज(जू.डि.)
प्रथम, जौनपुर
प्रकीर्णवाद.सं.21/2022
त्रिवेणी **बनाम** समरनाथ
ता.पेशी-14/11/2022,आपत्ति/निस्तारण
**बनाम** 1.समरनाथ उ.त.64 साल 2.अमरनाथ उ.त.67साल पुत्रगण अवधनरायन उर्फ अवधू सा.मौजा जीतापुर पर.बरसठी तह.मड़ियाहँ जिला जौनपुर -तरफसानी मुद्दालेहुम
चूँकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त संदर्शित करने के लिये 2022के 11के 14दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 बजे सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय मुद्रा सहित आज 20... के ...के..दिवस को निकाली गई। (न्यायालय)

**अदालती सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदार उमूर तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज(जू.डि.)शहर,जौनपुर
मु.नं.1099/2021
मकबूल अहमद **बनाम** प्रदीप तिवारी
ता.पेशी-14/11/2022,जवाब/तनकीह
**बनाम** 1.प्रदीप तिवारी उ.त.40 साल पुत्र श्री श्यामजी तिवारी 2.मोहम्मद दानिश उ.त.35 साल पुत्र मो.जाबिर सा.मौजा फूलपुर पर.हवेली तह.सदर जिला जौनपुर 3.मनोज कुमार उ.त.45 साल पुत्र राजबहादुर सा.मौजा जमालपुर पर.हवेली तह.सदर जिला जौनपुर -प्रतिवादीगण
आपके नाम एक नालिस के दायर की है जिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 11सन 2022ई.जवाबदेही व तनकीह बवक्त 10 बजे सुबह के अदालत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके जिसके साथ और कई सख्श हो जो की जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहतें हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर ता.मजकूर पर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूस और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख ....माह....सन् 20..ई. को निकाली गई। न्यायालय

**अदालती सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदार उमूर तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज(जू.डि.) शहर, जौनपुर
मु.नं.891/2022
रामधनी **बनाम** संजय कुमार
ता.पेशी-14/11/2022,जवाब/तनकीह
**बनाम** 1.संजय कुमार सिंह उ.त.50 साल पुत्र समरजीत सिंह निवासी ग्राम बिरहदपुर पर.हवेली तह.सदर जिला जौनपुर -प्रतिवादी
आपके नाम एक नालिस के दायर की है जिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 11 सन 2022ई.जवाबदेही व तनकीह बवक्त 10 बजे सुबह के अदालत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके जिसके साथ और कई सख्श हो जो की जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहतें हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर ता.मजकूर पर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूस और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख ....माह....सन् 20..ई. को निकाली गई। न्यायालय

**अदालती नोटिस**
हेतु संदर्शित करने कीं सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर सिविल जज(जू.डि.)
न्यूकोर्ट, तृतीय जौनपुर
मु.नं.915/2019
अशोक कुमार **बनाम** शीतला प्रसाद
ता.पेशी-15/11/2022,आपत्ति/निस्तारण
**मृतक विपक्षी सं.7 के वारिसान**
7/1.लक्ष्मी देवी उ.त.59 साल पत्नी स्व.उमाशंकर सिंह 7/2.प्रमोद कुमार उ.त.41 साल 7/3.पवन कुमार उ.त.38 साल 7/4.सुशील कुमार उ.त.36 साल पुत्रगण स्व.उमाशंकर सिंह 7/5.सुनीता देवी उ.त.42 साल पुत्री स्व.उमाशंकर सिंह सा.मौजा नहोरा परसाईपुर पर.बयालसी तह.केराकत जिला जौनपुर-प्रतिवादी वारिसान
चूँकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त संदर्शित करने के लिये 2022के 11के 15दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 बजे सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय मुद्रा सहित आज 20... के ...के..दिवस को निकाली गई। (न्यायालय)

**अदालती सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदार उमूर तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज(जू.डि.) शहर, जौनपुर
मु.नं.893/2022
रामधनी **बनाम** संजय कुमार
ता.पेशी-14/11/2022,जवाब/तनकीह
**बनाम** 1.संजय कुमार सिंह उ.त.50 साल पुत्र समरजीत सिंह निवासी ग्राम बिरहदपुर पर.हवेली तह.सदर जिला जौनपुर -प्रतिवादी
आपके नाम एक नालिस के दायर की है जिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 11 सन 2022ई.जवाबदेही व तनकीह बवक्त 10 बजे सुबह के अदालत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके जिसके साथ और कई सख्श हो जो की जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहतें हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर ता.मजकूर पर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूस और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख ....माह....सन् 20..ई. को निकाली गई। न्यायालय

**अदालती सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदार उमूर तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय अपर सिविल जज(जू.डि.)
प्रथम, जौनपुर
मु.नं.1125/2001
श्रीमती मूरती देवी **बनाम** श्रीमती रजपत्ती
ता.पेशी-14/11/2022,जवाब/तनकीह
**मृतक प्रतिवादिनी के वारिसान**
1/1.नन्दलाल उ.त.55 साल 1/2.विक्रमा उ.त.52साल 1/3.अमरजीत उ.त.50 साल 1/4.इनरजीत उ.त.45 साल 1/5.रामजीत उ.त.38 साल पुत्रगण स्व.सीताराम सा.मौजा कानामऊ पर.अंगुली तह.शाहगंज जिला जौनपुर -प्रतिवादी वारिसान
आपके नाम एक नालिस के दायर की है जिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 11 सन 2022ई.जवाबदेही व तनकीह बवक्त 10 बजे सुबह के अदालत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके जिसके साथ और कई सख्श हो जो की जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहतें हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर ता.मजकूर पर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूस और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख ....माह....सन् 20..ई. को निकाली गई। न्यायालय

# श्रद्धालुओं ने गोमती में लगाई आस्था की डुबकी

## स्नान-दान कर जमकर की खरीदारी, आकर्षण का केंद्र बना रहा मेला

**जौनपुर धारा**
**जौनपुर।** पचहटियां स्थित सूरजघाट का नहान कार्तिक पूर्णिमा के दिन मंगलवार को हुआ जिसमें जनपद के कोने-कोने से आकर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वर्षों से चले आ रहे इस परम्परा के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन सुरजघाट का नहान होता है, जिसमें दूर-दराज से आये लोग इस पावन पर्व पर लाखों की संख्या में डुबकी लगातें है। पूर्णिमा के इस महान पर्व पर जहाँ लाखों लोगों का आना-जाना रहता है वहीं पुलिस-प्रशासन की भी व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहती है। जिले में सूरजघाट के इस स्नान और दान की बड़ी मान्यता है। इस दिन लोग जनपद के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आतें है। स्नान और दान के बाद जमकर देसी सामानों की खरीदारी करतें है। इस स्नान वाले स्थान के काफी दूर तक मेला आकर्षक का केन्द्र बना रहा। मेंले में अधिकतर मिट्टी के बर्तनों की खरीदी के साथ ही गुड़ वाली जलेबी, लाई, चूड़ा, गट्टा, चाट, पकौड़ियों के ठेले भी गुलजार रहे। दूर-दराज से आये दर्शनार्थियों ने पहले स्नान किया और फिर घाट के पास ही स्थित मंदिर में मत्था टेका व शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।





# कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**जौनपुर धारा, खुटहन।** कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने पिलकीछा के आदि गंगा गोमती घाट पर स्नान कर दान पुण्य किया। इसी के साथ यहाँ का ऐतिहासिक मेले का भी शुभारंभ हुआ। मेले में सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक केके चौबे पुलिस बल के साथ सुबह से चक्रमण करते रहे। इस दौरान शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर पिलकीछा तिराहे से लेकर नदी के पुल के पार तिलवारी गाँव तक लगभग दो किमी मार्ग पर दिन भर जाम लगा रहा।



ऐसी मान्यता है कि भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त कर मां जानकी लक्ष्मण और वानरी सेना के साथ वापस अयोध्या लौट रहे थे तो उनका पुष्पक विमान कुछ क्षण के लिए यहां रुका था। तभी से प्रत्येक वर्ष यहाँ पर दूर दराज से श्रद्धालु पवित्र स्नान और दान कर पुण्य अर्जित करने आते हैं। खेती किसानी से सम्बन्धित औजार तथा मिटटी का वर्तन बहुतायत बिकते हैं। मेले में झूला और सर्कस बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

# मोदनवाल समाज के नगर अध्यक्ष बने आनंद, विक्की कुमार महामंत्री चुने गए

**जौनपुर धारा**
मुंगराबादशाहपुर। नगर के कटरा मोहल्ला स्थित राधेश्याम पैलेस में सोमवार की देर शाम को कान्य कुब्ज वैश्य मोदनवाल (हलवाई) समाज की एक बैठक मेहंदी लाल मोदनवाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मोदनसेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में वक्ताओं ने मोदनवाल समाज को राजनीतिक में भी बढ़-चढ़कर आगे आने की बात कही। साथ ही बेटियों को शिक्षित करने पर भी बल दिया गया।



बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से आनंद मोदनवाल (लवकुश) को नगर अध्यक्ष, विक्की मोदनवाल (पत्रकार) को महामंत्री, रवि मोदनवाल को उपाध्यक्ष, उमेश मोदनवाल व नगेंद्र मोदनवाल को संरक्षक, स्वतंत्र मोदनवाल को कोषाध्यक्ष तथा राजेश मोदनवाल को सूचना प्रसारण मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष आनंद मोदनवाल ने कहा कि समाज के लोगों ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा। साथ ही समाज को एकजुट करने कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मम्मी वाचक महामंत्री विक्की कुमार मोदनवाल ने कहा कि मोदनवाल समाज अब शिक्षा क्षेत्र में बेटा-बेटी का भेदभाव मिटाकर आगे बढ़ रहे हैं, यह गर्व की बात है। अब हमें राजनीतिक पकड़ मजबूत करनी है। इसके लिए समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा। उन्होंने गरीब परिवार के बेटियों की शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। संरक्षक उमेश मोदनवाल ने एकल परिवार की जगह संस्कार युक्त संयुक्त परिवार को एकजुट करने की सलाह दिया। उपस्थित समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। बैठक की अध्यक्षता हनुमान प्रसाद मोदनवाल तथा संचालन विक्की मोदनवाल ने किया। इस अवसर पर सत्यनारायण कल्लू, शिव कुमार मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, अनूप मोदनवाल, हनुमान प्रसाद मोदनवाल, बंटी मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा मेले में हजारों ने लगाई संगम में डुबकी

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के आदि गंगा गोमती तथा सई नदी के संगम स्थल राजेपुर रामेश्वरम धाम पर मंगलवार की तड़के सुबह से हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर भगवान रामेश्वरम का जलार्चन कर दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले में काफी भीड़ रही। लोग सुबह दर्शन पूजन तो दोपहर के बाद मेले का आनंद लेते रहे। मेले में जहां महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन के सामान खरीदने में दिलचस्पी लिया। वहीं बड़ों बुजुर्गों ने गृहस्थी के समान के अलावा मेले का मशहूर रेवड़ा तथा भेड़ के बाल का कम्बल खरीदा। बच्चों ने खिलौने खरीदे। मेले में लगे झूले चरखों का भी महिलाओं ने आंनद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से जलालपुर पुलिस के साथ ही अन्य थानों से आयी पुलिस सक्रिय रही।

# आकर्ष दुबे आत्महत्या कांड में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज

**जौनपुर धारा, खुटहन।** खुटहन थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव में 25 वर्षीय आकर्ष उर्फ दीपक दुबे की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। आकर्ष के पिता रमाकांत दुबे की तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।
जिला पंचायत के पिछले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव लड़ चुके आकर्ष उर्फ दीपक दुबे ने गत गुरुवार की दोपहर तमंचे से सीने में गोली मारकर घर में ही आत्महत्या कर ली थी। रमाकांत दुबे ने रविवार को थाने में तहरीर दी। उनके मुताबिक परिवार में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था। आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आकर्ष उर्फ दीपक दुबे को मोबाइल फोन पर काल कर मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया कि उसने मजबूर होकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने आकर्ष उर्फ दीपक दुबे के दोनों मोबाइल फोन नंबर का तहरीर में उल्लेख किया है। उसकी काल डिटेल की जांच कर आरोपित का पता लगाकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने कहा कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। छानबीन में तथ्यों के आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में...

### मारपीट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** सुइथाकला थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसका चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के रूधौली गांव निवासी गंगा प्रसाद पुत्र अशोक यादव स्थानीय थाने में मुकदमा अपराध संख्या 252/22 में धारा 323, 504, 506,147 व 308 के तहत निरूद्ध था जिसे पुलिस द्वारा मंगलवार को रूधौली बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय को भेज दिया गया।

### कार की चपेट में हुई मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** सोमवार देर शाम क्षेत्र के अतरडीहा गांव के पास कार की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद ही ग्रामीणों की मदद से कार के साथ ही तीन अन्य को हिरासत में ले लिया है।
घटना सोमवार देर शाम साढ़े आठ बजे उस समय घटी जब कोतवाली शाहगंज के छभवा गांव निवासी उदय 32 वर्ष पुत्र श्रीनाथ अपने चाचा विनोद सिंह 45 वर्ष को बाइक पर बैठाकर घर वापसी कर रहा था। बाइक सवार चाचा भतीजा जैसे ही उक्त गांव के पास पहुँचे कि विपरीत दिशा से आ रही आल्टो कार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शाहगंज स्थित चिकित्सालय पहुँचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजन विक्रान्त सिंह की तहरीर पर पर पुलिस अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के आदेश के अनुपालन में अभियान के तहत गैर जमानती वारंटी हंसराज यादव, सत्यदेव यादव पुत्रगण बालेन्द्र यादव निवासी सजईंकला पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार की सुबह दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### मेले देखने गयी महिला का चेन उड़ाया

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के वीरभानपुर गांव की एक राजेपुर रामेश्वरम के त्रिमुहानी मेले में सोने की चेन किसी ने उड़ा दी। घटना से महिला बदहवास हो गयी। उक्त गांव निवासी कुलभूषण पाठक की पुत्री मीना उपाध्याय ससुराल से मायके मेला देखने आयी थी। उसकी ससुराल बक्शा थाना के चुरावनपुर गांव में है। मेले में किसी ने उनकी एक तोले की चैन उड़ा दिया। अचानक उसको जब जानकारी हुई तो वह बदहवास होकर परेशान हो उठी। थानाध्यक्ष जितेंद बहादुर सिंह ने बताया कि महिला ने घटना की सूचना नहीं दिया है। वे लगातार मेले में मय फोर्स चक्रमण करते रहे।

### माँ की तेरही से पहले बेटे की मौत

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** होनी प्रबल होती है इसका तरोताजा उदाहरण स्थानीय क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर में देखने को मिला। अभी माँ की तेरही होना बाकी था कि बेटे की भी मौत हो गयी जिस पर समूचा क्षेत्र स्तब्ध सा रह गया। लोग होनी को कोसते नजर आये। अभी बीते 28 अक्टूबर को क्षेत्र के पेशे से वकालत करने वाले निवासी अधिवक्ता दिवाकर तिवारी की 95 वर्षीया माता माहेश्वरी देवी की मौत हो गई थी। लोग 9 नवम्बर को होने वाली उनकी तेरही की तैयारी में लगे थे कि 73 वर्षीय मृतका के अधिवक्ता बेटे दिवाकर तिवारी की भी मंगलवार को तेरही से एक दिन पहले घर पर मौत हो गयी। बेटे के भी निधन की सूचना लगते ही समूचा क्षेत्र स्तब्ध सा रह गया। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। माँ की मौत के बारहवें दिन बेटे के निधन ने मानो परिवार पर पहाड़ सा गिरा दिया। बहरहाल उनका अन्तिम संस्कार क्षेत्र के अमिलिया घाट पर किया गया जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र मनोज तिवारी ने मुखाग्नि दी। इस दौरान शोक संवेदना प्रकट करने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भीम आर्मी व एएसपी के कार्यकर्ताओं ने निकाला कैण्डल मार्च

**जौनपुर धारा**
**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के मनियरा मोड़ से भीम आर्मी मंडल सह संयोजक रत्नेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की देर शाम भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च मनियरा चौराहे से शुरू होकर कोतवाली, कस्बा, नरहन बाजार व सरायबीरू चौराहे से होते हुए कोतवाली चौराहे पर बने अशोक स्तंभ पर कैंडल जलाकर गहलोत सरकार मुदार्बाद के नारों के साथ कैंडल मार्च का समापन किया गया। मीडिया से बात करते हुए रत्नेश कुमार ने बताया कि बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर प्रदेश भर कैंडल मार्च निकाला जा रहा है ताकि गहतोल सरकार की आंखे खुल सके और अपने नीतियों पर काम करते हुए भाई के हत्यारों को सजा दिलाने का काम करे। अगर जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला तो हम सभी लोगों को दूसरा रुख अख्तियार करना पड़ेगा क्योंकि राजस्थान में आये दिन दलित समाज पर अत्याचार हो रहे हैं। जिस दिन हमारी सरकार होगी उस दिन गुंडे माफिया जेल की सलाखों के अंदर होंगे। बता दे कि राजस्थान के अजमेर जिले के नोसल गांव के दलित ओम प्रकाश रैगर 23 वर्षीय युवक ने दबंगों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद मौके पर पहुंच रैगर को मुखाग्नि दी। कैंडिल मार्च के दौरान किसी तरह की अनहोनी न हो जिसको लेकर पुलिस तैनात रही। इस अवसर पर सूरज, आनंद प्रधान, रंजीत, रामनारायण, दीपक समेत भारी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो की मौत

**जौनपुर धारा**
**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत चौकी बीबीगंज बाजार से काम कर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवक सरपतहां थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव के समीप कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।
जानकारी के अनुसार क्षेत्र के छबवां गांव निवासी उदय (32) पुत्र श्रीनाथ के साथ उक्त गांव निवासी विनोद सिंह (45) पुत्र तिलकधारी बाइक पर सवार होकर बीबीगंज स्थिति एक एजेंसी से कामकर घर लौट रहे थे। क्षेत्र के अतरडीहा गांव समीप आल्टो कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने कार को अपने कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार यूपी 32 एलआर 0925 को कब्जे में लेकर दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान विनोद सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं उदय की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय जाते समय रास्ते में उदय की भी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने बताया की शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## ईट गिराने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**जौनपुर धारा, जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव में विवादित जमीन पर ईट गिराने को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख एक पक्ष मौके से फरार हो गया। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के स्माइल व फिरोज में पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि मंगलवार को इसी विवादित जमीन पर फिरोज के द्वारा ईंट गिरवा दिया गया। ईट गिरते ही स्माइल के परिवार के लोग विरोध जताने लगे। इसी बीच दोनों पक्षों में गाली गलौज होते-होते मारपीट हो गई। दोनों तरफ से स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। एक पक्ष की सूचना पर मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंच गयी। पुलिस को आता देख फिरोज व उसके परिवार के लोग मौके से फरार हो गए। इस मारपीट में एक पक्ष से स्माइल व दूसरे पक्ष के फिरोज को हल्की चोट आई है।

## महिला समेत दो के विरुद्ध जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**जौनपुर धारा**
**खुटहन।** खुटहन थाना पुलिस ने गजेंद्रपुर गांव निवासी सुनील मिश्रा की तहरीर पर महिला समेत दो आरोपितों के विरुद्ध गाली-गलौच व जान से मार डालने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गाली-गलौच व धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।
सुनील मिश्रा ने तहरीर दी कि शनिवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उनके मोबाइल फोन नंबर पर अपरिचित नंबर से काल आई। रिसीव करने पर दूसरी तरफ से कोई महिला अपना नाम विजय लक्ष्मी गौतम बताते हुए अपशब्द कहने लगी। उसी के साथ एक पुरुष अपना नाम राजनाथ यादव एडवोकेट दीवानी कचहरी बताते हुए गालियां और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। यह भी कहा कि जैसे अभी कुछ दिन पूर्व मेढ़ा निवासी युवा नेता दीपक दुबे को कई फर्जी मुकदमों में फंसाकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया था वही हाल तुम्हारा भी होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने कहा कि सुनील मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोशल मीडिया में प्रचलित ऑडियो उपलब्ध कराया गया है। उसकी तहकीकात कराई जा रही है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जौनपुर धारा**
**जौनपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजक राकेश कुमार सिंह व व्यायाम शिक्षक राय साहब सिंह की देखरेख में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी बक्शा के प्रांगण में संपन्न हुआ।
खेलो बक्शा का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए समाज सेवी जितेंद्र कुमार सिंह, जेके विनोद कुमार सोनी ग्राम प्रधान सलामतपुर व सहायक लेखा अधिकारी जितेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। खेल में सभी न्याय पंचायत के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में मेडल प्राप्त किए। खेल के अंत में सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने वाली टीम गौराखुर्द को विजेता ट्राफी व उपविजेता के रूप में न्याय पंचायत शंकरगढ़ की टीम को खंड शिक्षा अधिकारी बक्शा द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। ब्लॉक स्तरीय रैली को सफल बनाने के लिए सभी एआरपी विष्णु शंकर सिंह, लाल साहब यादव व राजेश प्रजापति, सभी संकुल शिक्षक वह संगठन के पदाधिकारियों प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बक्शा सरोज कुमार सिंह, मंत्री संतोष उपाध्याय रामनयन यादव, शशि बदन उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, सुनील प्रजापति, शैलेंद्र कुमार सिंह, राजेश सिंह, मनोज उपाध्याय, मधुलिका अस्थाना, एनपीआरसी राजनाथ सिंह के साथ साथ सभी ब्लॉक के सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रेफरी की भूमिका में अंकिता यादव, अनिल प्रजापति, हौसला प्रसाद सिंह, राकेश सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह ने किया। आए हुए आगंतुकों का आभार प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बक्शा सरोज सिंह ने व्यक्त किया।



# सिद्धपीठ श्री भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ आयोजन

**जौनपुर धारा**
**शाहगंज।** समीपवर्ती जनपद के बेलवाई बाजार के श्री भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर पर कथा व्यास संतोष जी महाराज 'मानस मराल' ने ज्ञान यज्ञ आयोजित हुआ। कहा भक्ति का क्षेत्र स्वतंत्र होता है। परंतु भक्ति की प्राप्ति सत्संग के ही द्वारा हो सकती है। हनुमान जी महाराज भगवान को तो प्राप्त कर चुके थे परंतु भगवान की भक्ति को नहीं प्राप्त कर पाए थे। भक्त के जीवन में भगवान की कृपा भक्ति के बिना अधूरी होती है।
उन्होंने कहाकि लंकिनी जैसी राक्षसी के भीतर के आसुरी तत्व को बाहर निकाल कर उसके भीतर की सात्विक वृत्तियों को जागृत कर हनुमान जी महाराज मार्ग में आई हुई विघ्न बाधाओं से लड़ते हुए लंका जैसे देश में लंकिनी को सत्संग की सीढ़ी बनाकर भगवान की भक्ति रूपी सीता को प्राप्त कर लेते हैं। अजर अमर होने का वरदान प्राप्त कर लेते हैं। उक्त कार्यक्रम देवदीप मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहा है। अंत में हजारों की तादाद में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रीरामचरितमानस पोथी पर पुष्प समर्पित करते हुए अपने जीवन की बुराइयों का दान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप मोदनवाल के साथ दर्जनों भक्तों ने बच्चों के विवाह में दहेज न लेने का संकल्प लिया। कथा के अध्यक्ष दुर्गेश राधे रमण मिश्र ने कथा व्यास संतोष महाराज को भीगी पलकों के साथ अंग वस्त्र प्रदान कर उनको भावभीनी विदाई किया। मंच पर ही समिति ने महाराज के साथ आए हुए आचार्य व संगीत की टीम को अंग वस्त्र प्रदान कर विदाई भेंट किए। इस दौरान फिल्म अभिनेता मनोज सिंह टाइगर, आत्मा सिंह, विजय दुबे, अच्छेलाल यादव, विनय कुमार सिंह, मंजू मिश्रा, पिंटू प्रधान आदि श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## भारत–सऊदी संबंध

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान की भावी यात्रा भारत और खाड़ी देशों के बीच गहरे होते संबंधों की कड़ी में अहम मोड़ साबित हो सकती है. उल्लेखनीय है कि भारत अगले महीने जी–20 समूह की अध्यक्षता संभालने जा रहा है तथा अगले साल इस समूह के देशों की शिखर बैठक भारत में होनी है. अभी विश्व के समक्ष जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटना तथा सतत विकास के लिए प्रयास करना प्रमुख प्राथमिकताओं में है. ऊर्जा व्यापार में भारत और सऊदी अरब का साझा संबंध बहुत मजबूत है. भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा सऊदी अरब से आयात करता है तथा तेल एवं गैस का निर्यात सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है. दोनों देश स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं और इस क्षेत्र में परस्पर सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं. यदि दुनिया वर्तमान दर से जीवाश्म ईंधनों का उपभोग जारी रखती है, तो इनके स्रोत आगामी चार–पांच दशकों में समाप्त हो जायेंगे. इसका दूसरा परिणाम यह होगा कि तब तक कार्बन उत्सर्जन इतना अधिक हो चुका होगा कि धरती का तापमान जीने लायक नहीं होगा तथा प्राकृतिक आपदाएं प्रलयकारी हो चुकी होंगी. अगर 2050 तक तापमान के स्तर को दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य हासिल होता है, तो 80 फीसदी कोयला, 50 फीसदी गैस तथा 30 फीसदी तेल भंडार इस्तेमाल के लायक नहीं रहेंगे. भंडार कम होने लगेंगे, तो खनन भी बहुत महंगा होता जायेगा. ऐसे में महत्वपूर्ण उत्पादक और उपभोक्ता होने के नाते सऊदी अरब और भारत स्वच्छ ऊर्जा की ओर विश्व को ले जाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं. भारत उन देशों में है, जो बहुत तेज गति से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहा है तथा इस क्षेत्र में निवेश कर रहा है. बहुत समय से सऊदी सरकार इस संबंध में सहकार के लिए प्रयासरत है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने में लगा हुआ है, साथ ही भारत और फ्रांस की अगुवाई में सौ से अधिक देशों का सौर गठबंधन भी सक्रिय है इन प्रयासों में सऊदी अरब महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकता है. भारत अपने व्यापक मानव संसाधन और तकनीकी अनुभवों से सऊदी अरब को उल्लेखनीय मदद मुहैया करा सकता है. वास्तव में, कई दशकों से बड़ी संख्या में भारतीय सऊदी अरब एवं अन्य खाड़ी देशों की विकास यात्रा के महत्वपूर्ण आधार हैं. क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अपने देश में अत्याधुनिक शहरों का निर्माण कर रहे हैं. उम्मीद है कि इस यात्रा से परस्पर सहयोग के नये युग का सूत्रपात होगा।

## लोकतंत्र की जागीर

एक आदर्श लोकतंत्र की सार्थकता इस बात में है कि कोई भी चुनाव, मतदान और चयन की प्रक्रिया स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हो। वहीं दूसरी ओर किसी धार्मिक संस्था की व्यवस्थागत प्रक्रिया में किसी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उपजे राजनीतिक विवाद को भी इसी परिप्रेक्ष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। निस्संदेह, यह भी हकीकत है कि विगत में शिरोमणि अकाली दल के सहयोग से ही बीबी जगीर कौर तीन बार इस पद पर आसीन हुई हैं। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में शिरोमणि अकाली दल का जनाधार सिमटा है और राजनीतिक दखल कम हुई है। शायद पंजाब में परंपरागत कद्दावर राजनेताओं के हाशिये पर जाने से उत्पन्न शून्य को भरने की महत्वाकांक्षा लिये बीबी जगीर कौर मैदान में उतरी हैं। तो स्वाभाविक रूप से उसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया होनी ही थी। अब जब शिअद की तरफ से उनसे चुनाव मैदान से हटने को कहा गया तो उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। बीबी जगीर कौर का कहना है कि वह किसी धमकी और दबाव से प्रभावित नहीं होंगी। उनका कहना है कि शिअद के दखल से पदाधिकारियों का चयन अब नहीं होगा। इसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही पालन होगा। वह बात अलग है कि विगत में वह तीन बार शिअद की चुनावी रणनीति के अनुरूप ही एसजीपीसी की अध्यक्ष चुनी गई हैं। इसी घटनाक्रम के चलते शिअद ने बीबी जगीर कौर के नाम वापस न लेने पर एक अनुशासन समिति बनायी थी, जिसके सामने उन्हें उपस्थित होने को कहा गया था। लेकिन वे अनुशासन समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। कालांतर शिअद द्वारा गठित अनुशासन समिति ने उन्हें दल से निष्कासित करने का फैसला लिया। जो इस बात का भी संकेत है कि बीबी जगीर कौर आरपार की लड़ाई के मूड में हैं। निस्संदेह पंजाब के बदले राजनीतिक परिदृश्य में बीबी जगीर कौर राजनीतिक शून्य को भरने के क्रम में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को परवान चढ़ा रही हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दशकों तक पंजाब में एकछत्र राज करने वाले शिरोमणि अकाल दल का एसजीपीसी की चुनाव प्रक्रिया व संचालन में गहरा दखल रहा है। भारतीय राजनीति में धार्मिक जुगलबंदी के तमाम पहले उदाहरणों में यह उल्लेखनीय रहा है। कहा जाता रहा है कि इसके जरिये शिरोमणि अकाली दल की आर्थिक व्यवस्था को प्राणवायु भी मिलती रही है। वह बात अलग है कि शिअद बदले हालात के बीच कुछ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर एसजीपीसी की चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप के आरोप लगा रहा है। साथ ही बीबी जगीर कौर के चुनाव लड़ने के फैसले को इन्हीं दलों का दखल बता रहा है। हालांकि, बीबी जगीर कौर ऐसे दावों को सिरे से खारिज करती हैं। यह बात सर्वविदित है कि विगत में जगीर कौर को तीन बार एसजीपीसी की अध्यक्ष बनाने में शिअद की बड़ी भूमिका रही है। साथ ही वह दल के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष भी रही हैं। इतना ही नहीं, जब वह गंभीर मामलों में कानून की गिरफ्त में आईं तो शिअद सरकारों में उन्हें भरपूर संरक्षण भी मिला। लेकिन आज बीबी जगीर कौर की महत्वाकांक्षाएं उफान पर हैं। उन्हें इस बात का गहरे तक अहसास है कि भले ही पंजाब में मौजूदा राजनीतिक बदलाव विभिन्न कारणों से हुआ है,लेकिन यह दीर्घजीवी प्रयोग नहीं हो सकता। कालांतर पंजाब की परंपरागत राजनीतिक विचारधारा नये विकल्प पेश कर सकती है। निस्संदेह, शिअद के लिये भी यह चुनौतीपूर्ण समय है। वह न केवल सत्ता से बाहर हुआ है बल्कि उसके जनाधार में भारी कमी आई है। इतना ही नहीं, अब वह केंद्र में राजग सरकार का घटक भी नहीं रहा। उसे भाजपा का सबसे पुराना सहयोगी राजनीतिक दल माना जाता था। इन तमाम हालात में पूरे दमखम के साथ यदि बीबी जगीर कौर एसजीपीसी अध्यक्ष पद के चुनाव में उतरी हैं ।

# दुष्कर्म की जांच के तरीके पर कोर्ट का फैसला उचित

क्षमा शर्मा

हाल में सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार की जांच के संबंध में किये जाने वाले टू फिंगर टेस्ट पर रोक लगा दी. यह जांच एक तरह से स्त्री की यौन शुचिता से जुड़ी है. वह संभोग की आदी है या नहीं, यह देखा जाता है. इसमें छिपी हुई एक बात यह भी है कि किसी शादीशुदा औरत के बारे में मान लिया जाता है कि उसका बलात्कार हो ही नहीं सकता. कुंआरेपन को जांचने के लिए ऐसा टेस्ट किया जाता है, जिसमें स्त्री की योनि के अंदर की झिल्ली टूटी है या नहीं, इसकी जांच की जाती है. अफसोस है कि आज के दौर में जब स्त्रियां बड़ी संख्या में बाहर निकलती हैं, खेलती–कूदती हैं, ट्रक और हवाई जहाज चलाती हैं, उनसे उनके कुंआरेपन के बारे में जानने के लिए ऐसी पुरुषवादी सोच को आगे रखने वाली जांच की जाए. न्यायालय ने कहा भी कि ऐसी जांच का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है. दरअसल, यह पीड़िता को सताने और प्रताड़ित करने का एक और तरीका है. इसे हर्गिज नहीं किया जाना चाहिए. एक शादीशुदा स्त्री का बलात्कार नहीं हो सकता, यह बात सत्य से परे है. सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाइकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें सत्र न्यायालय के फैसले के विरुद्ध जा कर दुष्कर्म के दोषियों को रिहा कर दिया गया था, जबकि सत्र अदालत ने उन्हें दोषी माना था. सुप्रीम कोर्ट ने इस केस के अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी. किसी स्त्री की निजता का हनन और उसके शरीर के बारे में ऐसे निर्णय करने का अधिकार किसी को नहीं है. यह एक प्रकार से दूसरा बलात्कार है. अदालत ने इस टेस्ट को पितृसत्ता का प्रतीक बताते हुए बेहद सेक्सिस्ट भी कहा. यह भी कहा कि मान लीजिए, एक स्त्री अगर संभोग की आदी है भी, तो उसका बलात्कार नहीं हुआ होगा या नहीं हो सकता है, इसे कैसे माना जा सकता है. पहले के अनेक फैसलों में सुप्रीम कोर्ट इस जांच की आलोचना कर चुका है. अदालत ने स्वास्थ्य मंत्रालय को यह निर्देश भी दिया कि वह स्वास्थ्यकर्मियों को इस बारे में जागरूक करे. बलात्कार की जांच के वैज्ञानिक तरीकों को बताया जाए और कोई भी डॉक्टर ऐसा टेस्ट न करे. चिकित्सा की पढ़ाई के पाठ्यक्रम से भी जांच के इस तरीके को हटाया जाए. सामाजिक कार्यकर्ता और डॉक्टर इंद्रजीत खांडेकर ने बंबई उच्च न्यायालय में 2010 में एक जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें जांच के इस तरीके पर रोक लगाने की मांग की गयी थी. सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर खांडेकर का कहना है कि पहली बार अदालत ने ऐसे टेस्ट पर रोक लगायी है. उम्मीद है कि अब इस पर रोक लग जायेगी क्योंकि यह जांच न केवल अवैज्ञानिक है, अमानवीय, अपमानजनक और स्त्री की गरिमा के विरुद्ध भी है. किसी को यह जांच का हक नहीं होना चाहिए कि बलात्कार पीड़िता कुंआरी है या नहीं. समाज की जो स्थिति है, उसमें डॉक्टर की एक रिपोर्ट मात्र से हो सकता है कि किसी स्त्री का जीवन बर्बाद हो जाए. जांच बलात्कार की हो रही है या स्त्री के कथित चरित्र की? आश्चर्य यह भी है कि अब तक किसी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया. यह मान कैसे लिया गया कि बलात्कार जैसे अपराध को प्रमाणित करने के लिए स्त्री को इस बात का सर्टिफिकेट भी लेना होगा कि बलात्कार से पहले उसके किसी से संबंध नहीं रहे. शादीशुदा होने की स्थिति में तो मान ही लिया गया कि ऐसी स्त्री का बलात्कार नहीं हो सकता क्योंकि वह संभोग की आदी होती है. जबकि आये दिन ऐसी खबरें आती हैं कि पति साथ था, फिर भी गुंडे उसकी स्त्री को उठा कर ले गये. स्त्री की यौन शुचिता से इतना लगाव क्यों है? यह लगाव सिर्फ अपने ही यहां नहीं, ब्रिटेन के राजघराने तक में पाया जाता था. अफ्रीका के कई देशों में स्त्री की योनि के आसपास ऐसे छल्ले पहना दिये जाते हैं, जिससे वह शादी से पहले किसी के साथ संबंध न बना सके. हमारे देश में कई जगह पर ऐसी प्रथाएं प्रचलित हैं, जहां पहली रात के बाद स्त्री को खून सना कपड़ा ससुराल वालों को दिखाना पड़ता है ताकि उसका कुंआरापन प्रमाणित हो सके. इन दिनों ऐसे ऑपरेशन की बाढ़ आयी हुई है, जिनमें शादी से



पहले लड़कियां चिकित्सक से जाकर अपनी योनि की झिल्ली जुड़वाती हैं यानी दिमाग में यही रहता है कि पति के सामने उनका कुंआरापन प्रमाणित हो सके. कुआंरेपन की महानता का गान हमारे देश से जाता क्यों नहीं! किसी पुरुष को तो इसे प्रमाणित नहीं करना पड़ता. हां, बलात्कार पीड़िता के बारे में जैसे ही यह खबर मिलती है कि वह संभोग की आदी रही है, अपराधी और उसके शुभचिंतकों की बांछें खिल जाती हैं क्योंकि बचने का रास्ता निकल आता है. एक अपराधा को प्रमाणित करने के मुकाबले स्त्री के कुंआरेपन को प्रमाणित करने की भला ऐसी क्या जरूरत है? इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बहुत ही अग्रगामी और प्रगतिशील सोच का प्रतीक है. इस तरह के स्त्री विरोधी कानूनी प्रावधानों एवं प्रशासनिक व्यवहारों की पहचान की जानी चाहिए तथा उनसे जल्दी से जल्दी छुटकारा पाना चाहिए.

# उपचुनावों से निकले संकेत

अगले सप्ताह 12 नवंबर को होने वाले हिमाचल प्रदेश चुनाव और एक महीने बाद के गुजरात चुनाव पर इस वक्त देश का ध्यान लगा हुआ है। दोनों ही राज्यों में भाजपा की सत्ता है, जिसे बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री कभी हिमाचल प्रदेश तो कभी गुजरात में प्रचार करते नजर आ रहे हैं। इन चुनावों के नतीजे 8 दिसंबर को पता चलेंगे, लेकिन उससे पहले छह राज्यों में सात विधानसभा उपचुनावों के जो नतीजे आए हैं, वो काफी दिलचस्प हैं। उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा, ओडिशा, महाराष्ट्र, और तेलंगाना इन छह राज्यों में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। बिहार में दो सीटें और बाकी प्रदेशों में एक–एक सीट पर चुनाव थे। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में तो भाजपा के सामने कांग्रेस की चुनौती है और आप मुकाबले को त्रिकोणीय बना रही है। लेकिन इन उपचुनावों में असली मुकाबला भाजपा बनाम क्षेत्रीय दलों जैसे सपा, राजद, टीआरएस, शिवसेना, और बीजद का था। जिसमें निश्चित तौर पर भाजपा बाजी मार ले गई। सात में से 4 सीटों पर उसकी जीत हुई है। भाजपा ने उप्र में गोला गोकर्णनाथ, हरियाणा में आदमपुर, बिहार की गोपालगंज और ओडिशा में धामनगर सीट जीत ली है। हरियाणा में आदमपुर सीट पहले कांग्रेस के पास थी, लेकिन कुलदीप बिश्नोई के कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने और फिर विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद इस सीट पर उपचुनाव हुए। आदमपुर सीट भजनलाल परिवार का गढ़ मानी जाती है और इस बार भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई इस सीट पर भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर खड़े हुए थे। उनकी जीत तय ही मानी जा रही थी, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश ने उन्हें कड़ा मुकाबला दिया। भव्य बिश्नोई 15 हजार वोटों के अंतर से जीते। इस मुकाबले में आप कहीं नजर नहीं आई, जबकि कांग्रेस को हरियाणा में गुटबाजी का नुकसान भुगतना पड़ा। अगर लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अपनी इस बड़ी खामी को दूर कर पाती है, तभी वह भाजपा की चुनौतियों का सामना कर पाएगी। महाराष्ट्र में शिवसेना के दो गुट बनने के बाद अंधेरी (पूर्व) में हुआ उपचुनाव उद्धव ठाकरे के लिए प्रतिष्ठा का सवाल था। इस सीट पर शिवसेना ने नए नाम और निशान के साथ चुनाव लड़ा। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और मशाल चुनाव चिह्न के साथ ऋ तुजा लटके ने ये चुनाव आसानी से जीत लिया। भाजपा ने अपने उम्मीदवार का नाम वापस ले लिया था। बताया जा रहा है कि राज ठाकरे और शरद पवार ने भाजपा से किसी प्रत्याशी को खड़े न करने की अपील की थी। हालांकि इस चुनाव में नोटा पर वोट दूसरे स्थान पर रहे, यानी जनता किसी भी प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि बनते नहीं देखना चाहती। यह एक चिंताजनक बात है, क्योंकि इससे लोकतंत्र में लोगों के घटते विश्वास का पता चलता है। बहरहाल, उद्धव ठाकरे इस बात पर इत्मीनान कर सकते हैं कि अभी महाराष्ट्र में उनके गुट वाली शिवसेना ने फिर से दम दिखाया है। अब नगरीय निकायों के चुनाव में पता चलेगा कि उद्धव ठाकरे का कितना प्रभाव अब भी बाकी है। तेलंगाना में मुनगोड़े में टीआरएस ने आसान जीत दर्ज कर ली और भाजपा को एक बार फिर मात खानी पड़ी है। इससे पता चलता है कि इस दक्षिण राज्य में तमाम कोशिशों के बावजूद अभी भाजपा के लिए आगे की राह कठिन है। इन चुनावों में सबसे दिलचस्प मुकाबला उत्तरप्रदेश और बिहार में देखने मिला। उत्तरप्रदेश की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट फिर से भाजपा के खाते में ही गई है। और समाजवादी पार्टी को एक बार फिर भाजपा के आगे घुटने टेकने पड़े। दरअसल मुलायम सिंह यादव की मृत्यु के बाद यह पहला चुनाव था, जिसमें ऐसा लग रहा था कि सपा को सहानुभूति वोट मिल सकता है। मगर भाजपा ने इस एक सीट के चुनाव को भी पूरी तैयारी के साथ लड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने अमन गिरी के लिए वोट मांगने के लिए बड़ी जनसभाएं कीं, इसके अलावा करीब 40 स्टार प्रचारकों के साथ भाजपा ने प्रचार किया, ताकि भाजपा प्रत्याशी अमन गिरी को जीत मिले। इस सीट पर मुसलमान, दलित और ब्राह्मणों की संख्या लगभग एक जैसी है और उससे थोड़ा कम सिख व कुर्मी मतदाता हैं। यानी अलग–अलग बिरादरियों के मतदाता यहां हैं, जिन्हें एक साथ साधने का सफल प्रयोग भाजपा ने कर दिखाया। जबकि सपा एक बार फिर भाजपा की तैयारियों के मुकाबले पिछड़ गई। इस चुनाव से बाकी राजनैतिक दलों को ये सीख ले लेनी चाहिए कि जिस तरह भाजपा एक–एक सीट के लिए पूरी जी–जान लगाकर लड़ती है, वैसी ही रणनीति उन्हें भी अपनानी पड़ेगी, तभी वे सत्ता में आने के ख्वाब देख सकते हैं। बिहार में भी एक नया सबक क्षेत्रीय दलों और भाजपा के खिलाफ गठबंधन करने वालों के लिए निकला है। यहां मोकामा सीट पर फिर से राजद प्रत्याशी की ही जीत हुई है। बाहुबली अनंत सिंह को सजा होने के कारण उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा और उनकी पत्नी मैदान में उतरी थीं। उनके सामने भाजपा ने भी एक दूसरे बाहुबली ललन सिंह की पत्नी को खड़ा



किया था। अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को जीत तो मिल गई, लेकिन इस बार वोटों की संख्या कम हुई, जो अनंत सिंह के लिए जनता का जवाब है कि अगर उसे उपेक्षित महसूस कराया गया तो अगली बार जनता किसी और को मौका दे सकती है। बिहार की गोपालगंज सीट पर भी भाजपा और राजद के बीच ही सीधा मुकाबला था। यह सीट पहले से भाजपा के पास थी, लेकिन तब भाजपा और जदयू गठबंधन में थे। इस बार राजद और जदयू का महागठबंधन है, उन्हीं की सरकार है और भाजपा सत्ता से बाहर है। मगर फिर भी भाजपा ने यहां जीत दर्ज की, क्योंकि उसके मुकाबले में जो वोट थे, वो बंटे हुए थे। राजद प्रत्याशी को केवल 18 सौ वोट से हार मिली। गोपालगंज तेजस्वी यादव का ननिहाल है, और उनके मामा साधु यादव ने यहां अपनी पत्नी इंदिरा यादव को बसपा की टिकट पर खड़ा किया था। बसपा प्रत्याशी को 8 हजार वोट मिले, और सबसे खास बात ये है कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के प्रत्याशी अब्दुल सलमान को 12 हजार से अधिक वोट मिले। इस गणित को देखकर समझा जा सकता है कि भाजपा की बी टीमों का फायदा उसे मिला। अगर गैरभाजपा दल इसी तरह बिखर कर चुनाव लड़ेंगे और एक–दूसरे के वोट काटेंगे तो फिर भाजपा की हर बार जीत तय है। अब ये विपक्षी मोर्चे को विचार करना है कि वह किस तरह भाजपा का मुकाबला कर सकती है।

# कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण से दुनिया की भूख का इलाज

मुकुल व्यास

दुनिया की बढ़ती हुई आबादी को पोषित करने के लिए वैज्ञानिक पिछले काफी समय से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विचार–मंथन कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और सीमित संसाधनों के कारण फसलों की पैदावार बढ़ाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिक जिन उपायों पर शोध कर रहे हैं उनमें प्रकाश–संश्लेषण भी शामिल है। प्रकाश–संश्लेषण एक अनोखी कुदरती प्रक्रिया है जिसके जरिए पौधे सूरज की रोशनी, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को भोजन में बदलते हैं। लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया सूर्य की रोशनी का भरपूर उपयोग करने में अक्षम है। उनका कहना है कि कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण प्रणाली अपनाकर इसकी दक्षता में कई गुणा वृद्धि की जा सकती है। अब वे इस प्रक्रिया को कृत्रिम रूप से दोहराने और उसे और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे कृत्रिम प्रकाश–संश्लेषण का उपयोग खाद्य वस्तुओं और ईंधन, उत्पादन के लिए करना चाहते हैं। एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने एक नई कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण तकनीक के बारे में बताया है जिसके लिए सूरज की रोशनी की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड, पानी और सौर पैनलों द्वारा उत्पन्न बिजली को एसीटेट में बदला जाता है। इसके लिए दो–चरणीय इलेक्ट्रोकैटलिटिक प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि एसीटेट सिरका का मुख्य घटक है। इस प्रक्रिया में तैयार एसीटेट का उपयोग पौधे अपने विकास के लिए कर सकते हैं। दरअसल रिसर्चरों ने जो सिस्टम तैयार किया है उसका उद्देश्य महज प्रकृति में होने वाले प्रकाश–संश्लेषण की नकल करना नहीं है। वे इसमें सुधार कर इसकी दक्षता बढ़ाना चाहते हैं। जैविक प्रकाश संश्लेषण के जरिए सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का केवल 1 प्रतिशत ही वास्तव में पौधों के बायोमास में बदल पाता है जबकि वैज्ञानिकों के मुताबिक यह दक्षता लगभग चार गुणा बढ़ाई जा सकती है। अमेरिका में रिवरसाइड स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के रासायनिक इंजीनियर रॉबर्ट जिंकरसन ने कहा कि हमने भोजन के उत्पादन के एक नए तरीके की पहचान की है जो जैविक प्रकाश–संश्लेषण द्वारा लगाई गई सीमाओं को तोड़ सकता है। प्रयोगों से पता चला है कि अनेक खाद्य–उत्पादक सूक्ष्म जीवों को अंधेरे में सीधे एसीटेट से समृद्ध इलेक्ट्रोलाइजर आउटपुट पर उगाया जा सकता है। इनमें हरे शैवाल, यीस्ट (खमीर) के अलावा मशरूम का उत्पादन करने वाले फंगल मायसेलियम शामिल हैं। इलेक्ट्रोलाइजर ऐसा उपकरण है जो कार्बन डाइऑक्साइड जैसे कच्चे माल को उपयोगी मॉलिक्यूल्स और उत्पादों में बदलने के लिए बिजली का उपयोग करता है। इस तकनीक से शैवाल का उत्पादन प्रकाश–संश्लेषण विधि से उगाने की तुलना में लगभग चार गुणा अधिक कारगर है। यीस्ट का उत्पादन आम तौर से मकई से निकाली गई चीनी से किया जाता है। इसकी तुलना में नई प्रौद्योगिकी से यीस्ट का उत्पादन ऊर्जा के उपयोग की दृष्टि से लगभग 18 गुणा अधिक कारगर है। इस अध्ययन की सह–लेखक एलिजाबेथ हैन ने कहा कि हम जैविक प्रकाश–संश्लेषण के योगदान के बिना सूक्ष्म खाद्य–उत्पादक जीवों को विकसित करने में सक्षम रहे। आमतौर पर इन जीवों को पौधों से प्राप्त शर्करा या पेट्रोलियम से प्राप्त इनपुट पर उगाया जाता है। जैविक प्रकाश–संश्लेषण पर निर्भर खाद्य उत्पादन की तुलना में यह तकनीक सौर ऊर्जा को भोजन में बदलने का ज्यादा कारगर तरीका है। वैज्ञानिकों ने खाद्य फसलें उगाने के लिए इस तकनीक की क्षमता को परखा। उन्होंने पाया कि अंधेरे में खेती करने पर लोबिया, टमाटर, तंबाकू, चावल, कनोला और मटर जैसी फसलें एसीटेट से कार्बन का उपयोग करने में सक्षम रहीं। अनेक खाद्य फसलें एसीटेट का उपयोग कर सकती हैं। नए अध्ययन के सह–लेखक



मार्कस हारलैंड–ड्यूनावे ने बताया कि हम ऐसी प्रजनन तकनीक और इंजीनियरिंग पर काम कर रहे हैं जो एसीटेट की मदद से फसलें उगाएगी। एक अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत के रूप में एसीटेट के उपयोग से फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है। कृषि को सूर्य पर पूर्ण निर्भरता से मुक्त करने के कई फायदे हैं। कृत्रिम प्रकाश–संश्लेषण जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न कठिन परिस्थितियों में खाद्य फसलें उगाने की अनगिनत संभावनाएं उत्पन्न करता है। यदि मनुष्यों और जानवरों के लिए फसलें कम संसाधनों और नियंत्रित वातावरण में उगाई जाती हैं तो सूखा, बाढ़ और भूमि की कम उपलब्धता से दुनिया में खाद्य सुरक्षा के लिए कम खतरा होगा।

## विश्वशांति महायज्ञ के साथ भक्तामर महामंडल विधान का हुआ समापन

लखनऊ (यूएनएस)। श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा की ओर से अतिशय तीर्थ धर्म स्थल जैन बाग, डालीगंज मे चल रहे श्री 1008 भक्तामर महामंडल विधान का मंगलवार को आचार्य श्री 108 यतींद्र सागर जी महाराज के सानिध्य में विश्वशांति महायज्ञ के साथ समापन हुआ। इस मौके पर जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर सम्भव नाथ का जन्मकल्याणक मनाया गया। मन्दिर में मूलनायक पार्श्वनाथ पर दूध से शांतिधारा करने का सौभाग्य अलीगंज के विकास जैन, आदिनाथ की प्रतिमा पर रतनवृष्टि करने का अभिजीत जैन डालीगंज को, तथा सम्भवनाथ की प्रतिमा पर शांतिधारा करने का सौभग्य सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन को प्राप्त हुआ। इस मौके पर सुशील जैन, वीरकुमार जैन, दिलीप जैन, कीर्ति जैन, नीरु जैन मौजूद रहे।

## 16 वी लखनऊ डिस्ट्रिक्ट अंडर 15 चेस चौंपियनशिप

लखनऊ (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रिसिशन चेस अकैडमी में खेली जा रही लखनऊ डिस्ट्रिक्ट अंडर 15 चेस चौंपियनशिप (बालक वर्ग) के तीसरे चक्र में पहले बोर्ड पर प्रणव रस्तोगी और शुभ श्रीवास्तव के मध्य गुइको पिआनो ओपनिंग खेली गयी 56 चालों तक चली बाजी के अंत खेल में प्रणव ने पैदल को आठवें घर पर पंहुचा कर क्वीन बना कर शुभ को बाजी छोड़ने पर मजबूर कर पूरा अंक हासिल किया वहीं दूसरे बोर्ड पर गौरांश और अबनीश के बीच कुईन्स गैम्बिट डेकलाइन में 63 चालों में गौरांश ने मात लगाकर पूरा अंक हासिल किया, तीसरे चक्र के बाद अंक स्थिति इस प्रकार रही– प्रणव रस्तोगी 3 अंको के साथ एकल बढ़त पर चल रहे है, गौरंश जयसवाल 2.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि अभीस्ट खरे, शुभ श्रीवास्तव, अबनीश पाल, शुभ चंद्रा और मो० जयांन खान सभी 2–2 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है वहीं बालिका वर्ग में प्रनिका गुप्ता 1.5 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर जबकि अरव्या यादव 1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही हैं।

## तांत्रिक ने किया युवती से दुष्कर्म, पीड़िता जिला अस्पताल में भर्ती

बहराइच (यूएनएस)। जिले में कोतवाली देहात क्षेत्र में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती को इलाज का झांसा देकर तांत्रिक ने वारदात को अंजाम दिया। प्रकरण सामने आने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के एक गांव निवासी 26 वर्षीय युवती बीमार रहती है। तांत्रिक उसे ठीक करने के लिए झंडफूंक करता था। सोमवार को भी तांत्रिक ने बुलाया। आरोप है कि इसके बाद युवती के साथ दरिंदगी की। इससे किशोरी की हालत गंभीर हो गई। आंतरिक हिस्सों को चोट पहुंचाया गया। युवती की खोजबीन करते हुए परिवार के लोग पहुंचे। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि आरोपी तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तांत्रिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

# कृषि, पर्यावरण और सतत विकास पर सम्मेलन का समापन

अलीगढ़(यूएनएस)। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान बहुत बड़ा रहा है, हालांकि जैविक खेती को व्यापक रूप से अपनाने और पर्यावरण और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने की तत्काल आवश्यकता है। इस आशय की अभिव्यक्ति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आईसीएसएसआर और डीएसटी पृथ्वी विज्ञान विभाग, भारत सरकार के सहयोग से 'भारत में कृषि, पर्यावरण और सतत विकासः स्वतंत्रता के बाद के परिदृश्य में' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने की। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीडीयू विश्वविद्यालय, गोरखपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष, प्रो. वी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक–आर्थिक और पारिस्थितिक दृष्टिकोणों से, विशेष रूप से आदिवासी समुदायों के बीच पारंपरिक कृषि में मिश्रित फसल, फसल चक्र और मल्चिंग कुछ महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रथाएं थीं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन से चार दशकों में अतिदोहन के कारण वनों के विनाश से मिट्टी की उत्पादकता में कमी आई है। इसने मिट्टी के कटाव जैसी समस्या को जन्म दिया है और प्राकृतिक वनस्पति और जल संसाधनों को प्रभावित करते हुए भूमि की कायाकल्प करने की क्षमता को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि फसलों का विविधीकरण (पशुधन सहित), मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए मिट्टी का प्रबंधन और किसानों के लक्ष्यों और जीवन शैली विकल्पों पर विचार करने वाले कुछ केंद्र बिंदु हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए। मानद अतिथि प्रोफेसर असलम महबूद (क्षेत्रीय विकास केंद्र, जेएनयू) ने कहा कि महिलाएं कृषि, पर्यावरण और सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि सतत विकास वर्तमान और भविष्य के लिए संसाधनों के समान वितरण पर निर्भर करता है। इसे लैंगिक समानता के बिना हासिल नहीं किया जा सकता। कई महिला समूह चिंतित हैं कि वर्तमान आर्थिक विकास और वैश्वीकरण के पैटर्न अमीर और गरीब के बीच की खाई को बढ़ा रहे हैं, और महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक लाभान्वित कर रहे हैं। प्रारंभ में अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए, सम्मेलन के संयोजक और विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर नौशाद अहमद ने कहा कि अच्छे शोधों को सामाजिक जरूरतों और जलवायु परिवर्तन जैसे नए क्षेत्रों के अनुरूप होना चाहिए। बायोटा पर इसके प्रभाव और बदले में 'नीली अर्थव्यवस्था' का पता लगाया जाना चाहिए तथा अवसरों का उपयोग सामाजिक लाभ के लिए किया जाना चाहिए। उनहोंने कहा कि महासागर एक विशाल संसाधन हैं। इससे पहले, उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के रजिस्ट्रार वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रख्यात वैज्ञानिक, डॉ वाईवीएन कृष्ण मूर्ति ने टिकाऊ कृषि के लिए भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी और पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन का विकास और रखरखाव के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत के कृषि अनुसंधान और विस्तार प्रणालियों को मजबूत करना कृषि विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक है। इन सेवाओं में समय के साथ अवसंरचना और संचालन की पुरानी कमी के कारण गिरावट आई है। उच्च मूल्य की वस्तुओं में विविधता लाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना उच्च कृषि विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कारक होगा, विशेष रूप से वर्षा आधारित क्षेत्रों में जहां गरीबी अधिक है।प्रोफेसर मूर्ति ने बाजारों को विकसित करने और कृषि ऋण और सार्वजनिक व्यय को बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जहां कुछ प्रतिबंध हटाए जा रहे हैं, वहीं विविधीकरण को सक्षम करने और उपभोक्ता कीमतों को कम करने के लिए काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। किसानों के लिए ग्रामीण वित्त तक पहुंच में सुधार करना एक अन्य आवश्यकता है, क्योंकि किसानों के लिए ऋण प्राप्त करना कठिन बना हुआ है। उन्होंने देश के कई हिस्सों में भूजल स्तर में कमी और मिट्टी के कटाव की समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के भूगोल विभाग के प्रोफेसर नूर मोहम्मद ने भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान और कृषि विकास में बाधा डालने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों की प्रति व्यक्ति आय में गिरावट आ रही है, और पारिस्थितिक संतुलन खतरे में है। इस परिदृश्य में जैविक खेती को बढ़ाना होगा, किसानों को अधिक सब्सिडी और ऋण मिलना चाहिए और वर्षा आधारित फसलों पर जोर देना चाहिए। विज्ञान संकाय के डीन, प्रो. मोहम्मद अशरफ ने कहा कि हमें कृषि, पर्यावरण और सतत विकास की उभरती समस्याओं को हल करने के लिए एक अंतर–विषयी दृष्टिकोण के साथ काम करना चाहिए। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो नौशाद अहमद ने कहा कि सम्मेलन वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और युवा वैज्ञानिकों को सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और उचित गरीबी और भूख शमन के लिए अपने नवीन विचारों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने का माध्यम है। प्रो. निजामुद्दीन खान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दो दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से 160 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मलेन में प्रतिनिधियों और छात्रों द्वारा बारह तकनीकी सत्र, पोस्टर और मौखिक प्रस्तुतियां शामिल थीं।

## दिव्यांगजनों में विधायक ने बांटे कृत्रिम उपकरण, सरकार की योजनाओं को गिनाया

सुलतानपुर(यूएनएस)। सरकार सबका साथ सबका विकास फामूर्ले पर काम कर रही है। अंतिम पंक्ति के लोगों का विकास हो सके इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। दिव्यांग की मदद करना हमारी प्रथम जिम्मेदारी हैं। यह बातें भाजपा सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सोमवार को जयसिंहपुर ब्लाक मुख्यालय पर कही। यहां वह दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। जयसिंहपुर ब्लाक मुख्यालय पर विधायक ने पहले से पंजीकृत दिव्यांगों में कृत्रिम उपकरण बांटे। इस दौरान उन्होंने 52 लोगों को ट्राई साइकिल, 11 को व्हील चेयर, 14 लोगों को वैसाखी, दो लोगों में कान की मशीन, दो लोगों को स्मार्ट केन वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सरकार द्वारा जनता के हित के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। केंद्र और प्रदेश में किए गए विकास कार्यों को जनता के बीच रखते हुए विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार दोगुनी रफ्तार से काम कर रही है। डीबीटी के माध्यम से जहां लाभार्थियों के खाते में सीधा पैसा जा रहा है। वहीं किसानों को खाद, बीज और पानी की कमी नहीं होने पा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रजनीश किरण ने कहा सरकार की मंशा है कि कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए समय समय पर कैम्प लगाकर पंजीकरण कराया जाता रहा है। इस मौके पर भाजपा जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, महामंत्री रत्नेश तिवारी, गुड्डू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# 'उर्दू साहित्य के संदर्भ में आधुनिक भाषाविज्ञान' पर संगोष्ठी

अलीगढ़ (यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भाषाविज्ञान विभाग ने साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से 'उर्दू साहित्य के संदर्भ में आधुनिक भाषाविज्ञान' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भाषाविदों और उर्दू विद्वानों ने उर्दू साहित्य और इसकी रूपात्मक, वाक्य–रचना संरचनाओं और ध्वन्यात्मक विशेषताओं पर विचार विमर्श किया। मुख्य भाषण में, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो ख्वाजा इकरामुद्दीन ने साहित्य का अध्ययन करने के लिए भाषाविज्ञान में शैलीविज्ञान के उभरते क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया और साहित्यिक कार्यों के विश्लेषण में आकृति विज्ञान, वाक्य रचना, ध्वन्यात्मकता और शब्दार्थ के उपयोग को रेखांकित किया। भाषाई विशेषताओं और शैलियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य शैली के बिना पूर्ण नहीं है क्योंकि यह भावनाओं, रूपकों और प्रतीकों को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रो ख्वाजा ने कहा कि "शैलीवाद साहित्य में भाषा के कलात्मक उपयोग और संवाद के सौंदर्यीकरण को देखने की कला है। साहित्य में विचारों, अनुभवों या कल्पना को व्यक्त करने का कोई एक तरीका नहीं होता और प्रत्येक लेखक के पास अभिव्यक्ति का एक अलग तरीका होता है। उन्होंने साहित्य में प्रयुक्त भाषा के शैलीगत विश्लेषण और भाषाई विश्लेषण की सुंदरता की व्याख्या करने के लिए विभिन्न कवियों के कार्यों के प्रसंगों का वर्णन किया। मुख्य अतिथि, जेएनयू, नई दिल्ली के प्रोफेसर अनवर पाशा ने भाषा की संरचना से परे भाषा के महत्व को समझाने के लिए नोम चॉम्स्की का हवाला देते हुए कहा कि भाषा केवल शब्द नहीं है, यह संस्कृति, परंपरा और समुदायों का एकीकरण है। उन्होंने कहा कि भाषा का जन्म होता है, यह समय के साथ बदलती है, और यदि लोग इसका उपयोग नहीं करते हैं तो यह मर भी सकती है। यदि हम देखें कि समय के साथ भाषा, संस्कृति, परंपरा, मूल्य और शैली कैसे बदल रही है, तो हम नौतर्ज–ए–मुरससा और बाग–ओ–बहार जैसे महान साहित्यिक कार्यों के महत्व को समझ सकेंगे। प्रो अनवर ने सर सैयद अहमद खान के कार्यों पर भी बात की। इस अवसर पर मानद अतिथि प्रोफेसर सफदर इमाम कादरी (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना) ने उर्दू भाषा विज्ञान और शैली के संदर्भ में प्रोफेसर मसूद हुसैन खान और प्रोफेसर मिर्जा खलील अहमद बेग के योगदान पर चर्चा की। उन्होंने उर्दू साहित्यिक आलोचना के इतिहास को रेखांकित किया और ट्रेंड–सेटिंग लेखकों की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला संकाय के डीन, प्रोफेसर एस इम्तियाज हसनैन ने कहा कि साहित्य के संदर्भ में भाषा विज्ञान के बारे में कोई भी बात हमें अनिवार्य रूप से शैलीविज्ञान में ले जाती है क्योंकि यह एक ऐसा विषय है जो भाषा विज्ञान और साहित्य का इंटरफेस प्रदान करता है। उन्होंने लेख 'द करंट स्टेट ऑफ स्टाइलिस्टिक्स' और प्रो मिर्जा खलील ए बेग की किताब, 'तंकीद और उस्लोबियाती तनकीद' में एक फ्रांसीसी विद्वान के निष्कर्षों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पाठ व्याख्या की एक विधि के रूप में, शैलीगत भाषा को स्थान की गोपनीयता प्रदान करते हैं। स्वागत भाषण में, भाषाविज्ञान विभाग अध्यक्ष और संगोष्ठी के समन्वयक, प्रोफेसर एम जे वारसी ने कहा कि 'आधुनिकीकरण के युग ने भाषा, भाषा विज्ञान, साहित्य और संस्कृति पर विशेष ध्यान आकर्षित किया है और आधुनिक अध्ययन ने साहित्य के सन्दर्भ में भाषा विज्ञान का अध्ययन करने के दरवाजे खोल दिए हैं।

उन्होंने कहा कि उर्दू साहित्य की भाषाई और शैलीगत विशेषताओं का विश्लेषण करना आवश्यक है क्योंकि शैलीवाद व्यवहारिक भाषा विज्ञान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रोफेसर वारसी ने साहित्य में शैलीविज्ञान के अध्ययन पर जी. एन. लीच को उद्धृत किया और कहा कि शैलीवाद साहित्य के लिए एक भाषाई दृष्टिकोण है जो भाषा और कलात्मक कार्य के बीच संबंध को प्रेरित करने वाले क्या से अधिक क्यों और कैसे जैसे प्रश्नों के साथ समझाता है। प्रो वारसी ने आगे कहा कि उर्दू के महान भाषाविद् मसूद हुसैन खान, जदीद लिसानियत के संदर्भ में उर्दू साहित्य का अध्ययन करने वाले पहले विद्वान थे। संगोष्ठी में प्रोफेसर इब्ने कवाल (दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली), प्रोफेसर मोहम्मद अली जौहर (अध्यक्ष, उर्दू विभाग, एएमयू), प्रोफेसर खतीब सैयद मुस्तफा (पूर्व अध्यक्ष, भाषाविज्ञान विभाग, एएमयू), प्रो. अबू बकर अब्बद (दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ अब्दुल है (मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा), प्रोफेसर एजाज मोहम्मद शेख (कश्मीर विश्वविद्यालय), प्रो सैयद मोहम्मद अनवर आलम (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय), मसूद अली बेग (भाषाविज्ञान विभाग, एएमयू), प्रोफेसर मोहम्मद कमरुल हुदा फरीदी (निदेशक, उर्दू अकादमी, एएमयू), मोहम्मद मूसा रजा ने भी व्याख्यान प्रस्तुत किये। प्रोफेसर शबाना हमीद ने धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ मेहविश मोहसिन और डॉ शमीम फातमा ने किया।

## जमीन के विवाद में दो पक्ष में लाठी–डंडे व फावड़े चले पांच महिलाएं घायल

प्रतापगढ़(यूएनएस)। जमीन के विवाद में दो पक्ष में जमकर लाठी–डंडे व फावड़े चले जिसमें पांच महिलाएं घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी पट्टी ले गई। दोनों पक्ष ने पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गडौरी खुर्द गांव के श्रीपाल वर्मा व संजय वर्मा में जमीन का विवाद है। सोमवार की सुबह उसी जमीन पर श्रीपाल के घर की महिलाएं आलू की बोआई कर रही थीं। आरोप है कि इसी बीच संजय वर्मा के घर की महिलाएं आईं।

# ज्ञान कोर्स का समापन

अलीगढ़ (यूएनएस)। अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा 'सबटाइटलिंग स्क्रीन डायलॉगः द प्रैग्मैटिक्स ऑफ ऑडियोविजुअल ट्रांसलेशन' विषय पर ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (जीआईएएन) के अंतर्गत पांच दिवसीय ऑनलाइन कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें मीडिया अध्ययन की विद्वान और विदेशी संकाय डॉ मारा लोगाल्डो (आईयूएलएम, मिलान, इटली) ने व्याख्यान और अभ्यास प्रदान किया और लाक्षणिकता, बहुभाषावाद, संस्कृति, दृश्य–श्रव्य अनुवाद के पहलुओं, कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों और अन्य विषयों पर संवादात्मक सत्रों में छात्रों के ज्ञान में वृद्धि की। डॉ मारा ने समापन भाषण भी दिया। पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो एम रिजवान खान ने बताया कि एएमयू के अंग्रेजी विभाग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दृश्य–श्रव्य अनुवाद जैसे विषयों को अध्यापन और अनुसंधान में कैसे शामिल किया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा दृश्य–श्रव्य अनुवाद में व्यावसायिक रुचि की संभावनाओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को व्यवसाय के रूप में अपनाने पर व्याख्यान और व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किये। राष्ट्रीय संकाय के रूप में कार्यक्रम में भाग लेते हुए, अनुवाद विद्वान और संकाय सदस्य, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, प्रो मोहम्मद असदुद्दीन ने अनुवाद के क्षेत्र में विशेषज्ञता साझा की और प्रतिभागियों को अनुवाद के भारतीय परिप्रेक्ष्य के बारे में जानकारी दी। वह उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भी थे। इलारिया वेलेरियोटी, रोम के विशेषज्ञ सब टाइटलर और समापन सत्र के मानद अतिथि ने प्रतिभागियों को विभिन्न सबटाइटल और डबिंग तकनीकों में प्रशिक्षित किया, जिसमें सबटाइटल और डबिंग स्क्रिप्ट बनाने के लिए ओपन–सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग, स्थानीयकृत वीडियो सामग्री का निर्माण और फिल्मों और वृत्तचित्रों के टुकड़े द्वारा सीखने के कौशल को उपयोग करना शामिल है। एएमयू शिक्षक, प्रोफेसर वसीम अहमद (जूलॉजी विभाग) और प्रोफेसर उमर फारूक (इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग) ने भी विभिन्न सत्रों में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष, प्रो एम आसिम सिद्दीकी ने स्वागत भाषण दिया और प्रो एम रिजवान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रोफेसर शाहीना तरन्नुम, डॉ रेहान रजा, प्रो जावेद एस अहमद, प्रो रुबीना इकबाल, प्रो विभा शर्मा, डॉ सुनीज शर्मा, डॉ शारजील चौधरी, डॉ साकिब अबरार और डॉ फौजिया उस्मानी पाठ्यक्रमों के प्रभारी शिक्षक थे।

## रेप का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार,

सुलतानपुर(यूएनएस)। मूकबधिर महिला से रेप के आरोपी युवक को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने असलहा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। सोमवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली, घेराबंदी कर जब पुलिस ने आरोपी को पकड़ना चाहा तो गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पृथ्वीपाल ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी पृथ्वीपाल के पैर में गोली लगी है। महमूदपुर जंगल के पास हुई।

## मच्छरों से निजात के लिए मोहल्लों में उतरी सफाई कर्मियों की फौज

बहराइच (यूएनएस)। शहरी क्षेत्र में पनप रहे डेंगू व जेई वाहक मच्छरों का खत्मा कर मच्छरजनित बीमारियों से निजात को लेकर नगर पालिका परिषद ने पखवाड़ा अभियान शुरू किया है। 40 सदस्यीय सफाई कर्मियों की टीम मुहल्लों में जाकर एंटीलावा का छिड़काव कर रही है, तो जगह–जगह लगे कूड़े व कचरों के ढेर को उठाने में तेजी लाई गई है। मंगलवार को एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने सड़क पर उतरकर लोगों को स्वच्छता में भागीदारी का संदेश दिया। एमएलसी ने ईओ बालमुकुंद मिश्र के साथ शहर में संचालित हो रहे सेनिटाइजेशन, एंटीलार्वा व सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निकली। छावनी, ब्राम्हणीपुरा, सखैयापुरा में हो रहे एंटीलार्वा के छिड़काव की हकीकत परखी। यहां नालियों की साफ–सफाई, कूड़े का उठान होता पाया गया। सफाई कर्मियों के साथ उन्होंने लोगों से भी स्वच्छता को बनाए रखने की अपील की। एमएलसी ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर ही बीमारियों से बचा जा सकता है। हर घर व हर मुहल्ला स्वच्छ रहे। इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। ईओ ने बताया कि शहर में कई जगह कुड़ा डालने के लिए जगह निर्धारित किया गया है। निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालने, ताकि हर रोज उनका समय पर उठान संभव हो सके। उन्होंने बताया कि 40 सफाई कर्मियों की दो टीम बनाई गई हैं, जो 15 नवंबर तक सभी मोहल्लों में एंटीलार्वा का छिड़काव करेंगी।

## पिता–पुत्र समेत 5 पर एफआईआर, युवक पर किया था जानलेवा हमला

सुलतानपुर(यूएनएस)। नगर में एक युवक ने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को मारा पीटा और उस पर पिस्टल से फायर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक, उसके पिता समेत कुल पांच के खिलाफ कोतवाली नगर में जानलेवा हमले, मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है। फेसबुक पर आरोपी युवक ने खुद का नाम शान खान माफिया लिख रखा है। सोशल मीडिया पर नई उम्र के एक युवक का हर्ष फायरिंग करते वीडियो वायरल हुआ है। कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के नार्मल चौराहा निवासी सादिक अहमद शहर के खैराबाद स्थित एक होटल से बिरयानी खरीदने गया था। वहां पर गूगल पे की सुविधा नहीं होने पर वह बिना बिरयानी खरीदे ही घर वापस लौट रहा था। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे खैराबाद मोहल्ले के पांच युवकों ने बाइक सवार सादिक को जामे अरबिया मदरसे के सामने रोक लिया। वह जब तक कुछ समझ पाता तब तक आरोपियों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। हमले में किसी तरह से बचकर पीड़ित भागने लगा तो आरोपितों ने उस पर पिस्टल से फायर झोंक दिया, जिसमें युवक बाल–बाल बच गया। फायरिंग का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। पीड़ित ने खैराबाद मोहल्ले के शान खान पुत्र सलीम और सलीम पुत्र जुबैर खान और दो–तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट के बाद जानलेवा हमले के आरोप में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। कोवताली निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित सादिक की तहरीर पर खैराबाद मोहल्ले के दो लोगों और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच के साथ आरोपितों के घर रात में दबिश दी गई है।

## रेलवे सुरक्षा कर्मी ने महिला को लौटाया बैग

सुलतानपुर(यूएनएस)। सोमवार को ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का बैग ट्रेन मे ही छूट गया। बैग में करीब पौने दो लाख रुपये कीमत के आभूषण व कपड़े रखे हुए थे। सुलतानपुर की आरपीएफ ने एक सहयात्री से प्राप्त बैग को उसके वास्तविक स्वामी को सौंप दिया। इससे महिला आह्लादित हो गई। रविवार को आनन्द विहार रेलवे स्टेशन से सुलतानपुर के ढाहा फिरोजपुर निवासी फूल जहां अपनी बेटी व अन्य रिश्तेदार के साथ सुलतानपुर आने के लिए 14016 सदभावना एक्सप्रेस में सवार हुई थी। सोमवार की सुबह करीब सवा छः बजे ट्रेन सुलतानपुर स्टेशन पर रुकी तो फूल जहाँ अपने रिश्तेदारों के साथ उतर गईं। ट्रेन रवाना हुई तो उन्हें पता चला कि उनका एक बैग ट्रेन में ही छूट गया है। उन्होंने सुलतानपुर स्थित आरपीएफ चौकी में इसकी सूचना दी। इस दौरान डिब्बे में सवार एक अन्य यात्री सुजीत कुमार ने रखे बैग को देखकर अन्य यात्रियों से पूछा तो सभी ने अनभिज्ञता जताई। यात्री सुजीत ने लावारिस बैग को स्थानीय आरपीएफ चौकी प्रभारी महावीर को सौंप दिया। उधर, सुलतानपुर आरपीएफ से आई सूचना के बाद चौकी प्रभारी ने बैग की फोटो भेजी तो पहचान हुई। इस पर महिला यात्री फूल जहां अपने रिश्तेदार के साथ स्थानीय आरपीएफ चौकी पहुँच गई। बैग खोलकर उन्होंने उसमें रखे आभूषण व कपड़े सुरक्षित देखकर तसल्ली कर ली। बैग को महिला यात्री को सौंप दिया गया। महिला यात्री ने बताया कि करीब एक लाख 70 हजार कीमत के आभूषण व कपड़े बैग में रखे थे। यात्री ने आरपीएफ टीम का आभार जताया।

## व्यापारियों व ग्रामीणों के बीच विवाद का मामला, करणी सेना ने कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का किया घेराव

सुलतानपुर(यूएनएस)। जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में 8 दिन पहले व्यापारियों व ग्रामीणों के बीच विवाद हुआ था। इसमें पुलिस ने क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। दर्ज मुकदमा को वापस कराए जाने को लेकर सोमवार को करणी सेना के नेतृत्व में दूसरे पक्ष से सैकड़ों लोगों ने कोतवाली का घेराव किया। करणी सेना के पदाधिकारियों ने सीओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सीओ ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर चौराहे का है। यहां बीते 31 अक्टूबर को स्थानीय कस्बा निवासी व्यापारी पवन गुप्ता व कटात पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी बेचन सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मामले में आक्रोशित व्यापारियों ने चौराहे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध रंगदारी, बलवा समेत अन्य गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज किया था। वहीं दूसरी तरफ से बेचन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपों को निराधार बताते हुए दूसरे पक्ष से व्यापारियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। व्यापारी की तहरीर पर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे की जानकारी होने पर सोमवार को करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह, उपाध्यक्ष शनी सिंह व जिला अध्यक्ष गौरव सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता जयसिंहपुर कोतवाली पहुंच गए। करणी सेना के पदाधिकारियों ने जयसिंहपुर कोतवाल से प्रकरण को लेकर वार्ता की।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया चार साहिबजादे पार्क का शिलान्यास

## सिख समाज के लिए गौरव है साहिबजादों के नाम पर पार्क



लखनऊ (यूएनएस)। सिख समाज के 10वें व अंतिम गुरु गोविंद साहिब के चार साहिबजादों को समर्पित देश के पहले पार्क चार साहिबजादे पार्क का गुरु नानक के प्रकाशोत्सव पर शिलान्यास डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व महापौर संयुक्ता भाटिया भी रही।आलमबाग के रामनगर गुरुद्वारा के पास रेलवे की करीब 35 हजार वर्ग फीट जमीन पर पार्क को लेकर तैयारियां शुरू हैं। इसे लेकर बीते दिनों नगर निगम और रेलवे के मध्य एमओयू यानि समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि नगर निगम ने गुरु गोविंद के चार साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए उनकी शहादत को अगली पीढ़ी तक स्मरण कराने के उद्देश्य से साहिबजादा पार्क बनाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से ऐतिहासिक साहिबजादा पार्क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। गुरुद्वारे के अध्यक्ष निर्मल सिंह ने बताया कि सिख समाज के लिए यह गौरव की बात है। आनन्दपुर साहिब में 1708 में गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। एक वर्ष बीतते बीतते मुगलों ने आनंदपुर साहिब पर आक्रमण करना शुरू कर दिया। करीब चार साल युद्ध चला लेकिन गुरु गोविंद साहिब ने हार नहीं मानी। हताशा में मुगलों ने युद्ध बंद कर आनंदपुर साहिब को चारों ओर से घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह ने परिवार व सिखों सहित 20 दिसंबर 1704 को आनंदपुर साहिब छोड़ दिया। सरसा नदी के पास अचानक मुगलों की फौज ने युद्ध शुरू कर दिया। नदी पार करते गुरु साहिब का परिवार बिछड़ गया। गुरु गोविंद सिंह के साथ बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह 40 सिखों के साथ चमकौर गढ़ी में पहुंच गये जहां 22 दिसंबर को मुगलों के साथ भारी युद्ध में सिखों के साथ ही दोनों साहिबजादे शहीद हो गए।नौ वर्ष के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व सात वर्ष के बाबा फतेह सिंह अपनी दादी माता गुजरी के साथ रह गये थे। दोनों साहिबजादों की 24 दिसंबर को सूबेदार वजीर खां की कचहरी में पहली पेशी हुई। दोनों ने ध र्म परिवर्तन से मना कर दिया। खीझ कर वजीर खां ने दोनों साहिबजादों को 27 दिसंबर को दीवार में जीवित चुनवा दिया। चारों साहिबजादों का बलिदान सिख समाज व देश के लिए खास है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गोमती में लगाई आस्था की डुबकी

लखनऊ (यूएनएस)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी में श्रद्धालुओं ने आज गोमती नदी में आस्था की डुबकी लगायी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को कार्तिक पूर्णिमा कहते हैं। हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान कर के दीपदान एवं दान करने का खास महत्व्व होता है। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का अंत किया था। इसी कारण से इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं, जिसकी खुशी में देवताओं ने हजारों दीप जलाकर दीवाली मनाई थी। जो आज भी देव दिवाली के रूप में मनाई जाती है। साथ ही सिखों के लिए भी ये दिन खास होता है क्योंकि इस दिन गुरु नानक जयंती होती है।इस दिन को दामोदर के नाम से भी जाना जाता है। यह भगवान विष्णु का ही एक नाम है। कार्तिक पूर्णिमा का दिन काफी पवित्र और शुभ माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर राजधानी में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो अभी तक जारी है। सुबह होते ही श्रद्धालु 'हर–हर गंगे, जय गंगा मैया, हर हर महादेव' के जयकारे के साथ गोमती में डुबकी लगाने लगे। स्नान के बाद लोगों ने विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना की और दान किया। कार्तिक पूणिमा के दिन स्नान–दान का विशेष महत्व है। इस दिन जो भी दान किया किया जाता है, उसका पुण्य कई गुना अधिक प्राप्त होता है। इस दिन अन्न, धन और वस्त्र दान का विशेष महत्व है। पटना से हजारों श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए सोनपुर भी पहुंचे और वहां स्नान के साथ ही महादेव की पूजा–अर्चना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान और भगवान हरि एवं शिव की पूजा करने से पूर्वजन्म के साथ इस जन्म के भी सारे पाप नाश हो जाते हैं। साथ ही गंगा या अन्य नदियों में स्नान से सालभर के गंगास्नान और पूर्णिमा स्नान का फल मिलता है। भगवान श्रीहरि ने कार्तिक पूर्णिमा पर ही मत्स्य अवतार लेकर सृष्टि की फिर से रचना की थी। ऐसा माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन सोनपुर में गंगा गंडकी के संगम पर गज और ग्राह का युद्ध हुआ था। गज की करुणामई पुकार सुनकर भगवान विष्णु ने ग्राह का संहार कर भक्त की रक्षा की थी। इस दिन घर में दीपक जलाने से पुण्य मिलता है, और जीवन में ऊर्जा का संचार भी होता है। लोग व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करते हैं।

# मुलायम के बाद चुनौतियां बेशुमार, मैनपुरी में सबसे कठिन परीक्षा को अखिलेश कितने तैयार

लखनऊ (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन के एक महीने के भीतर ही पार्टी में अशांति और परिवार में बेचौनी बढ़ रही है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को उनके पिता मुलायत सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव के रूप में एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के साथ–साथ परिवार के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 1989 से समाजवादी पार्टी के सबसे मजबूत गढ़ों में से एक रही है। 5 दिसंबर को मैनपुरी सीट पर होने वाले उपचुनाव में उम्मीदवार तय करना अखिलेश यादव के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव ने कुछ महीने पहले घोषणा की थी कि अगर मुलायम सिंह चुनाव नहीं लड़े तो वह 2024 में मैनपुरी सीट से चुनाव लड़ेंगे। एक वरिष्ठ नेता ने कहा शिवपाल यादव इस सीट पर किसी बाहरी व्यक्ति को स्वीकार नहीं कर सकते और अखिलेश के लिए इस समय परिवार और पार्टी को एकजुट रखना महत्वपूर्ण है–खासकर हाल ही में लखीमपुर खीरी में हार के बाद। अखिलेश पर मैनपुरी में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का भी दबाव है क्योंकि समाजवादी पार्टी की बागडोर संभालने के बाद से उनको लगातार हार का सामना करना पड़ा है। अखिलेश के नेतृत्व में पार्टी 2017 का विध ानसभा चुनाव, 2019 का लोकसभा चुनाव और फिर 2022 का विधानसभा चुनाव हार गई। 2022 के विधानसभा चुनावों के बाद सपा को आजमगढ़ और रामपुर व अब लखीमपुर उपचुनाव में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। मैनपुरी और रामपुर में एक और हार पार्टी और परिवार में अखिलेश के लिए समस्या पैदा कर सकती है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक माना जा रहा है कि तेज प्रताप यादव पार्टी का उम्मीदवार हो सकते हैं, जिन्होंने 2014 के उपचुनाव में मैनपुरी सीट जीती थी। तेज प्रताप यादव मुलायम के भतीजे हैं और उनके करीबी रहे हैं। मुलायम ने राजनीति में तेज प्रताप का मार्गदर्शन किया और तेज प्रताप ने महत्वपूर्ण मामलों पर हमेशा उनसे सलाह ली।



तेज प्रताप राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं और 2019 में मैनपुरी सीट से मुलायम सिंह के चुनाव जीतने के बाद से ही तैयारी कर रहे हैं। मुलायम सिंह के सबसे बड़े भाई के पोते तेजप्रताप, मुलायम के दो साल से अस्वस्थ होने के कारण उनके निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि थे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, तेज प्रताप मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लोगों से बहुत घुलेमिले हुए हैं और संभवतरू वही सपा की पसंद हैं। इसके अलावा तेज प्रताप शिवपाल के भी उतने ही करीबी हैं और पारिवारिक सूत्रों ने कहा कि अगर तेज प्रताप को पार्टी का उम्मीदवार बनाया जाता है, तो शिवपाल उन्हें उपचुनाव में चुनौती नहीं देंगे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मुलायम सिंह की अनुपस्थिति में उनके छोटे भाई अभय राम, जो परिवार को एकजुट रखने की कोशिश कर रहे हैं, ने सुझाव दिया है कि तेज प्रताप को मैनपुरी से चुनाव लड़ना चाहिए। इससे अखिलेश और शिवपाल के बीच कोई और टकराव नहीं होगा।

# आयुष कॉलेजों में फर्जी दाखिला मामले में योगी सरकार ने की सीबीआई जांच की सिफारिश

लखनऊ (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने आयुष प्रवेश घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। इसकी पुष्टि करते हुए सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद आयुष कॉलेजों में प्रवेश में हुई अनियमितता के मामले की जांच की सिफारिश सीबीआई से की गई है। गौरतलब है कि सत्र 2021–22 के लिए राज्य के आयुष कॉलेजों में 12 प्रतिशत फर्जी प्रवेश के मामले सामने आ रहे हैं। राज्य के विभिन्न सरकारी और निजी आयुष कॉलेजों में 7,338 सीटें हैं, इनमें से 891 पर फर्जी प्रवेश की आशंका है। मामले की आंतरिक जांच के बाद आयुर्वेदिक सेवाओं के निदेशक प्रो. एस.एन. सिंह ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विभाग ने अपनी प्राथमिकी में यूपीट्रॉन लिमिटेड, गोमती नगर, उसकी विक्रेता कंपनी सॉफ्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और कंपनी के प्रतिनिध‍ि कुलदीप सिंह का नाम दर्ज कराया है। इन पर आपराधिक साजिश (धारा 120 बी), बेईमानी (धारा 420), धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी (धारा 468) धोखाध ड़ी आदि आरोप लगाए गए हैं। राज्य सरकार ने मामला सामने आने के बाद चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। यूपी पुलिस ने मामले की जांच के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नामित संगठनध्व्यक्तियों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) योग्यता के आधार पर ऑनलाइन परामर्श आयोजित करने के लिए कहा गया था। लेकिन प्रतिनिधि ने कथित तौर पर निदेशालय से प्राप्त आंकड़ों के साथ खिलवाड़ किया, जिसके कारण अयोग्य उम्मीदवारों का प्रवेश हुआ। एक विभागीय जांच से पता चला कि कई मामलों में योग्यता का पालन नहीं किया गया था। साथ ही कुछ मामलों में चयनित छात्र नीट में शामिल भी नहीं हुए थे। उनका मानना है कि कंपनी ने अपने लोगों को समायोजित करने का प्रयास किया।

## फूड प्वाइजनिंग से मासूम की मौत, परिजनों से मिले एसडीएम

लखनऊ, (यूएनएस)। मोहनलालगंज नगर पंचायत क्षेत्र के गौरा गांव में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए 8 साल के मासूम में मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। मासूम को एक हफ्ते पहले मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर सीएमओ की फटकार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में 1 हफ्ते से भर्ती 8 वर्षीय मासूम अमन उर्फ सनी ने मंगलवार सुबह 4.00 बजे दम तोड़ दिया। अमन की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की सूचना मिलने के बाद मोहनलालगंज एसडीएम हनुमान प्रसाद भी गौरा गांव पहुंचे। मामला लखनऊ के मोहनलालगंज नगर पंचायत क्षेत्र के गौरा गांव का है। जहां बीते 31 अक्टूबर को एक बर्थडे पार्टी में शामिल हुए सैंकड़ो लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे। बर्थडे पार्टी में खाना खाने के बाद 90 से ज्यादा लोगों की हालत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। जबकि 20 से ज्यादा लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज से बलरामपुर और सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

# आंजनेय कुमार सिंह को हटाने की मांग, सपा ने आयोग को पत्र लिखा

लखनऊ, (यूएनएस)। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को हटाए जाने की मांग की है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ से समाजवादी पार्टी ने रामपुर विध ाान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को उनके वर्तमान पद से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन–2022 दिनांक 05 नवम्बर–2022 को घोषित कर दिया है। मुरादाबाद के वर्तमान मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह लम्बे समय तक रामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं और पदोन्नत होकर मंडलायुक्त के पद पर भी काफी समय से तैनात हैं, इसी मंडल में जनपद रामपुर है। ज्ञापन के अनुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के समय आंजनेय कुमार सिंह पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का आरोप लगा था इसकी शिकायत दिनांक 29 जनवरी 2022 को मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से पत्र संख्या–2204 दिनांक 29 जनवरी 2022 द्वारा आंजनेय कुमार सिंह को स्थानान्तरित कराने की मांग की गई थी। रामपुर लोकसभा उप चुनाव के समय भी आंजनेय कुमार सिंह रामपुर के मंडलायुक्त के पद पर थे और अब 37–रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप निर्वाचन 2022 होने जा रहा है, मुरादाबाद मण्डल से बिना इनको हटाए स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त चुनाव सम्भव नहीं है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि रामपुर विध ाान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौपने गए प्रतिनिध‍ि मंडल के सदस्य है सर्वश्री के के श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह यादव एवं राधेश्याम सिंह यादव शामिल रहे।

# 3 लाख खाली पद भरने की मांग,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ ने कहा कि 30 साल से नहीं हुई भर्ती

लखनऊ, (यूएनएस)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बाद बाकी कर्मचारी संगठन भी सरकार पर दबाव बनाने में जुट गए है। उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे का कहना है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में पिछले तीन दशक से कोई नियुक्ति नहीं हुई है । इसके बाद अब स्थिति यह है कि प्रदेश का कोई ऐसा विभाग न हो इसके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पचास फीसदी पद खाली न हो। जल्द भर्ती की जाए नहीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इससे पहले परिषद की तरफ से 7 नवंबर को पूरे प्रदेश में आंदोलन किया गया था। उन्होंने बताया कि सरकार वेतन आयोग तो दे रही है, लेकिन उस आयोग का लाभ संविदा और ठेकेदारी प्रथा पर रखे कर्मचारियों को नहीं मिलने वाला है। ऐसे में आने वाले दिनों में वेतन आयोग केवल अधिकारियों को मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर कई बार शासन स्तर पर वार्ता की जा चुकी है, उसके बाद भी सरकार पदों को भरने को लेकर कोई पहल नहीं कर रही है।ऐसे में अब नई सरकार के सामने साथ सभी संगठनों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव दिया जाएगा। इसमें सकरात्मक परिणाम नहीं आने पर कर्मचारी आर–पार की लड़ाई लड़ने की तैयारी करेंगे। रिक्त पदों को भरने के लिए कोर्ट आदेश दे चुका है। इसमें साफ कहा गया है कि कि बाहरी कर्मचारियों से विभाग की गोपनियता को खतरा है। ऐसे में उनकी जगह पर नियमित कर्मचारियों की भर्ती होनी चाहिए। इस निर्देश के बाद कार्मिक विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया था कि वह अपने पदों की आवश्यकता अनुसार भर्ती करें। लेकिन पद खाली होने के बाद भी भर्ती नहीं हो सकी है। सचिवालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ग्रेड पे बढ़ा दिया गया है , लेकिन राज्य कर्मचारियों को पुराने ग्रेड पे से ही वेतन दिया जा रहा है। सचिवालय में 1900 रुपये ग्रेड है , वहीं अन्य चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारियों को 1800 रुपये ग्रेड पे दिया जा रहा है । इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा रिक्त पदों को भरने की भी मांग की गई है।

## पशु हत्या के मामले में थानेदार सहित चार पुलिस कर्मी निलंबित, दरोगा सहित 18 नामजद

बस्ती, (यूएनएस)। प्रतिबंधित पशु की हत्या के मामले में समय रहते अपेक्षित कार्रवाई न करने के आरोप में सोनहा थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एक एसआई, आरक्षी समेत अट्ठारह नामजद और 20 अन्य अज्ञात के खिलाफ प्रतिबंधित पशु वध के विभिन्न नियमों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर आसपास के थानों की फोर्स तैनात कर दी गई है। शांति व्यवस्था कायम है। सोमवार को सोनहा थाना क्षेत्र के गदा पुर गांव में प्रतिबंधित पशु की हत्या का मामला सामने आया था। यह खबर फैलते आसपास गांव के ग्रामीण और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पहुंच गए। तब तक मौके पर पहुंचे सोनहा थाने के एसआई और सिपाही ने पशु के शव को जमीन में दफन करवा दिया था। लोगों के हंगामा करने पर एसडीएम भानपुर गिरीश कुमार झा, एसएसओ विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सक बुलवाकर बुलाकर पशु के शव को निकलवाया और पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध यक्ष अखिलेश सिंह की तहरीर पर एसआई, एक सिपाही सहित 18 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## लखनऊ में प्रियंका चोपड़ा का विरोध,पोस्टर में लिखा–नवाबों के शहर में आपका स्वागत नहीं,

लखनऊ, (यूएनएस)। लखनऊ दौरे के दूसरे दिन अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा सुबह लोकबंधु अस्पताल पहुंची। यहां उन्होंने बच्चों के साथ काफी समय बिताया। फिर बलरामपुर अस्पताल पहुंची। जैसी ही लोगों को अभिनेत्री के आने की सूचना मिली। लोगों को भीड़ जुट गई।

# अब खतौली विधानसभा सीट रिक्तघोषित

लखनऊ (यूएनएस)। यूपी विधानसभा की मुजफ्फरनगर की खतौली विध ाानसभा सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। इसको लेकर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे की ओर से अध ि‍सूचना जारी की गई है।इसके बाद अब चुनाव आयोग जल्द ही इस सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा करेगा और तारीखों का ऐलान किया जाएगा। आजम खां को तीन साल की सजा दिए जाने के बाद रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खतौली सीट को लेकर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने खतौली से बीजेपी विधायक विक्रम सिंह सैनी को दो साल की सजा सुनाए जाने का हवाला देते हुए उनकी सदस्यता को समाप्त करने की मांग उठाई थी। विधायक विक्रम सिंह को मुजफ्फरनगर एमपी–एमएलए कोर्ट की ओर से दो साल की सजा सुनाई गई थी। इसी को लेकर अब यूपी विधानसभा सचिवालय ने इस सीट को रिक्त घोषित किया है। नियमानुसार विधायक या सांसद को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा होने पर स्वतः सदन की सदस्यता समाप्त होने का प्रावधान है। इसी आध ाार पर विक्रम सिंह सैनी की सदस्यता को भी समाप्त माना गया। इसको लेकर विधानसभा सचिवालय ने न्याय विभाग से भी राय मांगी थी। जयंत चौध ारी ने 01 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था और इसमें कई सवाल किए गए थे। जयंत ने अपने पत्र में लिखा था कि हेट स्पीच को लेकर ही आजम खां की सदस्यता को रद्द किया गया। जबकि विक्रम सैनी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के मामले में स्पेशल एमपी–एमएलए कोर्ट ने उन्हें 11 अक्टूबर 2022 को दो साल की सजा सुनाई थी। फिर उनकी सदस्यता रद्द क्यों नहीं की गई? क्या सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए मानक अलग–अलग हैं?

# हर कोई मुलायम नहीं हो सकता, अब मैनपुरी में खिलेगा कमल–बघेल

लखनऊ (यूएनएस)। केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग को आरक्षण दिये जाने के पक्ष में आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने नेताजी मुलायम सिंह यादव के निधन पर रिक्त हुई मैनपुरी की लोकसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि हर कोई मुलायम सिंह यादव नहीं हो सकता। केन्द्रीय विधि कानून राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल कल फिरोजाबाद कोर्ट पहुंचे थे। पत्रकारों से रूबरू बघेल ने आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण समाज के लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा आरक्षण दिये जाने



के पक्ष में आये सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जो अन्त्योदय की अवधारणा थी उसको व्यवहारिक रूप से ईडब्ल्यूएस के दस प्रतिशत आरक्षण को लागू कर अमली जामा पहनाने का काम किया है और अंतिम पायदान पर खड़े सवर्ण समाज के गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लायी है। उन्होंने सपा संरक्षक मुलायम सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा हर कोई मुलायम सिंह यादव नहीं हो सकता।

# सांस या दिल रुक जाने पर आप भी बचा सकते हैं अपनों की जिंदगी! सीख लें इस आसान तकनीक को



दिल का दौरा पड़ने के बाद 'कार्डियोपल्मोनरी रिससिटैशन (सीपीआर) की मदद से बचे पांच लोगों में से एक मरीज मृत्यु के उस अनुभव का स्पष्ट वर्णन कर सकता है, जब वह बेहोश था और मौत के करीब पहुंच गया था। यह जानकारी अपनी तरह के पहले अध्ययन से मिली है। वास्तव में सीपीआर जान बचाने की एक तकनीक है जिसमें मरीज के सीने को दबाना और मुंह से सांस देना होता है।

**सीपीआर की मदद से कई लोगों की बची जिंदगी**

यह कई आपात स्थितियों में उपयोगी साबित होता है, जैसे किसी को दिल का दौरा पड़ा हो या कोई डूबते–डूबते बचा हो और उसकी सांस या दिल की धड़कन रुक गई हो। यह शोध सर्कुलेशन नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है और इसके अनुसार शोध में अमेरिका और ब्रिटेन में ऐसे 567 पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया गया, जिनके दिल ने अस्पताल में भर्ती कराते समय धड़कना बंद कर दिया था और मई 2017 से मार्च 2020 के बीच उन्हें सीपीआर दिया गया था।

**जीवित बचे लोगों ने अनुभव किया साझा**

शोधकर्ताओं के अनुसार जीवित बचे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए जिनमें शरीर से अलग होने का अनुभव, बिना दर्द या परेशानी के घटनाओं को देखना और जीवन का सार्थक मूल्यांकन शामिल है। इसमें उनके कार्यों, इरादों और अन्य लोगों के प्रति अपने विचार शामिल हैं। टीम ने मौत के करीब के इन अनुभवों को दुरुस्वप्न, भ्रम, सपने या सीपीआर से जुड़ी चेतना से अलग पाया। अमेरिका के शिकागो शहर में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के वैज्ञानिक सत्र 2022 में पेश किए गए इस शोध में मस्तिष्क की गुप्त गतिविधियों के परीक्षण भी शामिल थे।

**क्या होता है सीपीआर**

सीपीआर को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन कहते हैं। अगर किसी कारण कोई व्यक्ति बेहोश हो गया हो, दिल की धड़कन बंद हो गई हो या पल्स नहीं चल रहा हो, तो ऐसी स्थिति में सीपीआर ही दी जाती है। इसकी मदद से पेशेंट को सांस लेने में सहायता मिलती है। ब्व देने के दौरान हार्ट और ब्रेन में ब्लड सर्कुलेशनमें सहायता मिलती है, जिसके चलते व्यक्ति को एक नया जीवन मिल जाता है।

**कैसे दिया जाता है सीपीआर?**

—सीपीआर कोई दवा या इंजेक्शन नहीं है। यह एक तरह की प्रक्रिया है, जिसे मरीज के शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है।

—इस प्रक्रिया करने से पहले आप अपने दोनों हाथों को एक दूसरे के ऊपर रखते हुए उंगलियों को आपस में फंसा लें। हाथों को अच्छी तरह से लॉक कर लेना है।

—अब पीड़ित व्यक्ति के सीने के बीच में यानि सेंट्रल बोन में निचले तिहाई पार्ट में आपको कंप्रेशन शुरु करना है।

—ये 30 बार करना है और उसके बाद 2 माउथ ब्रेथ देनी हैं यानि मरीज के मुंह में अपने मुंह से सांस भरनी है।

—1 मिनट में करीब 100 से 120 बार हार्ड और फास्ट तरीके से सीने को दबाना है। ध्यान दें मरीज का एक तिहाई चेस्ट अंदर की ओर दबना चाहिए जब आप उसे दबाएं।

—इसको दबाने की गहराई 5 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए, ऐसा करने पर व्यक्ति के दिल की पंपिंग फिर से शुरू हो सकती है और वह रिवाइव कर सकता है।

—इस तरह स्पीड में पंपिंग करने से हार्ट में ब्लड फ्लो आ जाता है और कार्डिक अरेस्ट वाले इंसान की जान बच सकती है।

**मौत के बाद शरीर में रहती है ऑक्सीजन**

डॉक्टरों का कहना है कि यदि किसी की सांस आनी बंद हो गई हो, तो ऐसी स्थिति में व्यक्ति के शरीर में 5 से 7 मिनट तक ऑक्सीजन रहती ह। ऑक्सीजन रहने की वजह से बॉडी के सभी अंगों के दोबारा रिवाइव करने की संभावना होती है। डॉक्टरों की मानें तो ऐसी स्थिती में पीड़ित की हाथ, गर्दन की प्लस जांचनी चाहिए और देखना चाहिए कि वह सांस ले रहा है या नहीं। इस दौरान समझदारी से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

**इन संकेतों पर जरूर दें ध्यान**

—30 की उम्र के बाद एसिडिटी या अस्थमा के दौरे जैसे संकेतों को नजरअंदाज ना करें।

—30 सेकंड से ज्यादा छाती में होने वाले दर्द को नजरअंदाज ना करें।

—कई बार हार्ट अटैक होने पर जबड़े, गर्दन या पीठ में दर्द या बेचैनी हो सकती है।

—दिल के दौरे के अन्य लक्षणों में थकान और मतली या उल्टी शामिल हो सकती है।

—सुबह छाती में होने वाली बेचैनी पर भी जरूर दें ध्यान

—छाती से बाईं बाजू और पीठ की ओर जाने वाले दर्द को नजरअंदाज ना करें। ।

## नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की महत्वाकांक्षा गजब : मैक्रों



फ्रांस (एजेंसी)। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की और कहा– भारत में महत्वाकांक्षा का स्तर बेहद ऊंचा है। संयुक्त राष्ट्र के ब्व27 सम्मेलन में अपने संबोधन में मैक्रों ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा की बात करें, तो भारत में महत्वाकांक्षा का स्तर देखने के लायक है। उन्होंने कहा कि फ्रांस, भारत, दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल और इंडोनेशिया गैर–नवीकरणीय से दूर जाने के अथक प्रयास कर रहे हैं, जिनका लाभ मिलते हुए भी दिखाई दे रहा है। विश्व के कई प्रमुख नेता संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (ब्व्च27) में जलवायु समस्याओं पर चर्चा करने के लिए मिस्र के शर्म अल–शेख में एकत्र हुए हैं। इसे आमतौर पर 6 नवंबर से 22 नवंबर तक आयोजित होने वाले न्छथ्ब्ब् या ब्व्27 के दलों के सम्मेलन के रूप में जाना जाता है। मैक्रों ने इस मंच पर सभी गहरे समुद्र खनन पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। इसके साथ ही जोर देकर कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण ऊर्जा और खाद्य संकट के बावजूद जलवायु को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस द्वारा उत्पन्न ऊर्जा खतरे के बीच अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं का त्याग नहीं करेंगे। अन्य देशों को भी अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को बनाए रखना चाहिए। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा, श्अमीर देशों विशेष रूप से फ्रांस सहित यूरोपीय देशों के लिए यह हमारी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हमारी राष्ट्रीय रणनीतियों का निर्माण हो रहा है। हम रूस से ऊर्जा के खतरे के तहत अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं का त्याग नहीं करेंगे। जलवायु की लड़ाई जैव विविधता की लड़ाई से अविभाज्य है। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।श उन्होंने कहा कि राष्ट्रों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को कोयले पर निर्भरता से बाहर निकालना चाहिए और उभरते देशों को जल्द से जल्द बदलाव करने में मदद करनी चाहिए। भारत और फ्रांस ने सौर ऊर्जा का उपयोग करके जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रयास करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की शुरुआत की है। कुल 106 देशों ने आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आईएसए सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग के लिए एक क्रिया–उन्मुख, सदस्य–संचालित, सहयोगी मंच है।

## गुरुपर्व पर पाकिस्तान आए सिखों की सुरक्षा का ध्यान रख रहा भारतीय दूतावास

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। गुरुपर्व के अवसर पर पाकिस्तान के विभिन्न गुरुद्वारों की यात्रा पर आए सिख जत्थे के साथ भारतीय वाणिज्य दूतावास की टीम समन्वय कर रही है। दूतावास सिखों के पाकिस्तान में रुकने के दौरान उनकी सुरक्षा का ध्यान रख रहा है। पाकिस्तान में गुरु नानक का प्रकाश पर्व छह से 15 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट में कहा, श्पाकिस्तान में भारतीय वाणिज्य दूतावास की टीम गुरुपर्व के लिए आए भारतीय सिख जत्थे के साथ काम कर रही है।श इस बीच सिख तीर्थयात्रियों ने पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा भारतीय सिखों के 586 वीजा निरस्त किए जाने पर असंतोष जताया है। वे भी पाकिस्तान में ननकाना साहिब जाना चाहते थे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रवक्ता हरभजन सिंह ने कहा, श्एसजीपीसी ने 1496 वीजा के लिए आवेदन किया था। इनमें से 910 को मंजूरी दी गई,।

लेकिन 586 निरस्त कर दिए गए। वीजा 10 दिन के लिए वैध है। जिनके वीजा निरस्त किए गए वे बहुत निराश हैं। सरकार को धार्मिक वीजा निरस्त नहीं करना चाहिए था।श

## जयशंकर की रूस यात्रा पर क्यों है युएस की नजर

नई दिल्ली,(एजेंसी)। रूस–यूक्रेन युद्ध के बीच भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की मास्को यात्रा पर अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की नजरें टिकी है। पश्चिमी देशों को उम्मीद है कि इस जंग में भारत शांतिदूत की भूमिका निभा सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वाकई भारतीय विदेश मंत्री की इस यात्रा में जंग खत्म करने की पहल हो सकती है। अमेरिका और पश्चिमी देश आखिर भारत से इस तरह की उम्मीद क्यों



कर रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्री की रूस यात्रा के क्या मायने हैं। इस पर विशेषज्ञों की क्या राय है। 1– विदेश मामलों के जानकार प्रो हर्ष वी पंत का कहना है कि भारतीय विदेश मंत्री का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है कि जब रूस–यूक्रेन संघर्ष कई महीनों से जारी है। उन्होंने कहा कि यह उम्मीद बेवजह नहीं है। प्रो पंत ने कहा कि दुनिया के तमाम विरोध के बावजूद भारत ने रूस से तेल सप्लाई बाधित नहीं की। अमेरिकी दबाव के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में भारत ने रूस के खिलाफ मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस मामले में भारत ने किसी की परवाह नहीं किया। इसके अलावा भारतीय विदेश मंत्री की यात्रा के पूर्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। पुतिन ने अमेरिका व पश्चिमी देशों का नाम लिए बगैर कहा कि जंग के दौरान भारतीय नेतृत्व किसी के दबाव में नहीं आया है। प्रो पंत ने कहा कि भारत शुरू से इस जंग के खिलाफ रहा है। भारत ने प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच से इस जंग का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि भारत का तर्क रहा है कि किसी भी समस्या का समाधान वार्ता के जरिए ही किया जाना चाहिए। भारत का विश्वास रहा है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। भारत के तर्क से अमेरिका व पश्चिमी देशों को यह उम्मीद जग सकती है कि भारतीय विदेश मंत्री इस जंग को समाप्त करने के लिए पहल कर सकते हैं। प्रो पंत ने कहा कि हाल में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इसके ठीक बाद भारतीय विदेश मंत्री का रूसी दौरा अमेरिका व पश्चिमी देशों को यह उम्मीद जगाता है कि भारत इस दिशा में एक प्रभावशाली कदम उठा सकता है। प्रो पंत ने जोर देकर कहा कि अमेरिका व पश्चिमी देशों की यह उम्मीद बेवजह नहीं है। उन्होंने कहा कि पुतिन ने जिस तरह से भारत और भारतीय नेतृत्व की तारीफ की है, उससे यह उम्मीद और बड़ी हो जाती है। प्रो पंत ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने एक हफ्ते में दूसरी बार भारत की तारीफ की है। पुतिन ने कहा कि भारत के लोग बहुत प्रभावशाली हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के लगभग 1.5 अरब लोग विकास के मामले में शानदार परिणाम हासिल करेंगे। इसके पूर्व पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। पुतिन ने भारतीय विदेश नीति की तारीफ की। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के हित में फैसले लिए हैं। वह देश हित के लिए किसी भी दबाव में नहीं आते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करने के लिए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। ऐसे में अमेरिका व पश्चिमी देशों का यह विश्वास गहरा गया कि भारत इस जंग में शांतिदूत की भूमिका निभा सकता है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय मास्को में हैं। जयशंकर पिछले वर्ष जुलाई में रूस के दौरे पर गए थे। इसके बाद अप्रैल में रूसी विदेश मंत्री लावरोल ने भारत का दौरा किया था। उनकी यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब यह आशंका प्रबल हो गई है कि रूसी सेना यूक्रेन पर परमाणु हमला कर सकती है। अमेरिका व पश्चिमी देश इस बात को लेकर शंका भी जाहिर कर चुके हैं। ऐसे में भारतीय विदेश मंत्री का यह दौरा कई मायनों में खास रहने वाला है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के मध्य मधुर संबंध हैं। दोनों देशों के संबंध इसके बीच मौजूद घनिष्ठ रिश्तों की नींव पर निर्मित हैं। भारत के साथ हमारा कभी विवाद नहीं रहा है। ऐसे में पश्चिमी देशों को भारत से काफी उम्मीदें हैं। इसके अलावा जिस तरीके से भारत बिना दबाव के रूस से तेल आयात कर रहा है, इससे जयशंकर के इस दौरे से शांति की उम्मीद जगी है।

# सर्दियों में इस तरह करें त्वचा की देखभाल, चेहरे का ग्लो रहेगा बरकरार



सर्दियों के मौसम ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में स्किन के साथ–साथ स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। ड्राई स्किन, बेजान त्वचा जैसी समस्याएं इस मौसम में होने लगते हैं। धूप के संपर्क में आने से भी त्वचा पर बुरा प्रभाव पड़ता है। सर्दियों में महिलाएं ज्यादातर धूप में बैठती हैं जिसके कारण स्किन पर टैन भी होने लगती है। ठंडी, हवाओं और प्रदूषण के कारण त्वचा बेजान होने लगती है। ऐसे में महिलाएं त्वचा पर महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल स्किन की समस्याओं से राहत पाती है। आप स्किन को समस्याओं से बचाने के लिए कुछ घरेलु चीजें इस्तेमाल करके भी त्वचा पर निखार ला सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में.

.

**शहद करें इस्तेमाल**

अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप सर्दियों में शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद एक प्राकृतिक मॉइश्चराइजर के रुप में काम करता है। इसे स्किन पर लगाने से त्वचा हाइड्रेट रहती है इसके अलावा स्किन में भी नमी बनी रहती है। आप चेहरे पर शहद लगाएं। 10–15 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें। शहद स्किन के मुहांसे दूर करने में भी सहायता करती है। इससे स्किन पर चमक आएगी।

**आलू का रस**

आप आलू स्लाइस का इस्तेमाल सर्दियों के मौसम में चेहरे पर कर सकते हैं। आलू को छिलकर स्लाइस में काट लें। इसके बाद स्लाइस को अपने चेहरे पर रख दें। 10–15 मिनट के बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। आप चाहें तो स्किन पर आलू का रस भी लगा सकते हैं। आलू का रस लगाने से स्किन के दाग–धब्बे दूर होंगे। इसके अलावा स्किन की ड्राइनेस भी दूर होगी। चेहरे की झुरियां भी आलू का रस लगाने से दूर होंगी।

**स्किन की करें ऑयलिंग**

सर्दियों में स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप चेहरे की ऑयलिंग जरुर करें। आप रात के समय चेहरे की ऑयलिंग करें। दिन में चेहरे पर ऑयल लगाने से स्किन चिपचिपी नजर आती है। इसलिए आप रात में ही स्किन की ऑयलिंग करें। नारियल तेल का इस्तेमाल आप चेहरे की ऑयलिंग करने के लिए कर सकते हैं। नारियल तेल हाथ पर लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से चेहरे पर मसाज करें। सारी रात इसको चेहरे पर ऐसे ही छोड़ दें। सर्दियों में रोजाना नारियल तेल लगाने से स्किन पर निखार आएगा।

**पिएं पर्याप्त पानी**

सर्दियों में बहुत से लोग पानी का सेवन कम करते हैं। जिसके कारण डिहाइड्रेशन भी हो सकती है। डिहाइड्रेशन होने के कारण चेहरा डल भी हो सकता है। ऐसे में आप स्किन पर निखार लाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी जरुर पिएं। पानी पीने से स्किन ड्राई नहीं होगी और स्किन का ग्लो भी बरकरार रहेगा।

**जरुर लगाएं मॉइश्चराइजर**

सर्दियों में भी स्किन को मॉइश्चराइज करना बहुत ही आवश्यक है। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी। इसके अलावा त्वचा में भी नमी रहती है। दिन में दो बार आप सर्दियों में मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरुर करें। ड्राइनेस से स्किन को बचाने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरुर करें।

**ताजे पानी से धोएं चेहरा**

सर्दियों में गर्म पानी से नहाने के अलावा चेहरा भी बहुत से महिलाएं गर्म पानी से ही धोती हैं। लेकिन गर्म पानी आपकी स्किन को ड्राई भी कर सकता है। इससे आपकी स्किन खुरदरी और सेंसिटिव हो सकती है। इसलिए गर्म पानी से आप इस मौसम में चेहरा न धोएं।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

पटना। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बिहार में श्रद्धालुओं ने आज गंगा–गंडक के संगम समेत विभिन्न नदियोंऔर सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को कार्तिक पूर्णिमा कहते हैं।हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है।इस दिन पवित्र नदी में स्नान कर के दीपदान एवं दान करने का खास महत्त्व होता है। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का अंत किया था। इसी कारण से इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं, ।



# आलिया-रणबीर की बेटी के लिए पाक एक्टर का आया कमेंट

आलिया भट्ट के बेटी को जन्म देने के बाद से ही कपल को बधाइयां मिलनी शुरू हो गईं। आलिया और रणबीर पर दुनियाभर के लोगों ने प्यार लुटाया। ऐसे में पाकिस्तानी एक्टर और होस्ट यासिर हुसैन ने भी आलिया-रणबीर की बेटी के जन्म पर पोस्ट शेयर की। लेकिन उन्होंने कपल को बधाई नहीं दी, बल्कि दोनों मुल्कों की दोस्ती की बात कही।

पाकिस्तानी स्टार्स को बॉलीवुड सेलेब्स की जिंदगी में काफी दिलचस्पी रहती है। तभी तो पाकिस्तानी सिनेमा के सितारे भारतीय कलाकारों की जिंदगी पर कुछ ना कुछ कमेंट करके चर्चा में बने रहते हैं। अब पाकिस्तान के मशहूर वीजे, एक्टर और होस्ट यासिर हुसैन ने रणबीर-आलिया की बेटी को लेकर कुछ ऐसी पोस्ट कर दी, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी क्लास लगा दी। आप ये जानने के लिए बेताब होंगे कि आखिर यासिर हुसैन ने आलिया और रणबीर की नन्ही परी को लेकर कौन सी पोस्ट शेयर कर दी, जिसकी इतनी चर्चा हो रही है। चलिए बिना देरी करे आपको बता ही देते ही हैं. दरअसल, आलिया भट्ट के बेटी को जन्म देने के बाद से ही कपल को बधाइयां मिलनी शुरू हो गईं। आलिया और रणबीर पर दुनियाभर के लोगों ने प्यार लुटाया। ऐसे में पाकिस्तानी एक्टर और होस्ट यासिर हुसैन ने भी आलिया-रणबीर की बेटी के जन्म पर पोस्ट शेयर की। लेकिन उस पोस्ट में उन्होंने आलिया और रणबीर को बधाई नहीं दी, बल्कि दोनों मुल्कों के एक होने की बात कह डाली। एक्टर ने पोस्ट में अपने बेटे कबीर हुसैन का भी जिक्र किया। यासिर हुसैन ने आलिया और रणबीर की फोटो शेयर करके अपनी पोस्ट में लिखा तभी आज कबीर बहुत खुश है। दो मुल्कों की दोस्ती के लिए मैं तैयार हूं। यासिर हुसैन की पोस्ट देखकर कई लोग पहले तो उसे समझ ही नहीं पाए और फिर यूजर्स ने पोस्ट के अलग-अलग मतलब निकालने शुरू कर दिए। आलिया और रणबीर की बेटी के जन्म पर यासिर हुसैन का अपने बेटे का जिक्र करना और दोनों मुल्कों की दोस्ती की बात करने की बात चर्चा में बनी हुई है। कई यूजर्स का मानना है कि यासिर ने इस पोस्ट के जरिए इशारों-इशारों अपने बेटे कबीर के लिए आलिया और रणबीर की बेटी का रिश्ता मांगा है। यासिर की पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गई और लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। यासिर हुसैन पाकिस्तानी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी शख्सियत हैं। वे होस्ट होने के साथ एक एक्टर भी हैं। यासिर पाकिस्तान की पॉपुलर एक्ट्रेस इकरा अजीज के हसबैंड भी हैं। इकरा और यासिर ने कराची में साल 2019 में ग्रैंड वेडिंग की थी। शादी के बाद 23 जुलाई 2021 को यासिर और इकरा के घर बेटे ने जन्म लिया। कपल के बेटे का नाम कबीर हुसैन है। यासिर हुसैन ने अपनी पोस्ट में कबीर का जिक्र किया है।

# सोशल मीडिया पोस्ट से कमाए पैसों से जाह्नवी कपूर भरती हैं EMI



फिल्ममेकर बोनी कपूर की लाडली बेटी जाह्नवी कपूर रियल लाइफ और रील लाइफ दोनों में काफी अलग नजर आती हैं। ऑनस्क्रीन इमेज जहां एक ओर इनकी काफी शर्मीली, साधारण सी दिखती हैं। वहीं, ऑफस्क्रीन इनका ग्लैम अवतार देखने लायक नजर आता है। सोशल मीडिया पर जाह्नवी कपूर अपने फैन्स का दिल लगाकर रखती हैं। हाल ही में इनकी फिल्म 'मिली' रिलीज हुई। फिल्म के प्रमोशन्स में जाह्नवी कपूर का ग्लैमरस अवतार हर किसी को पसंद आया। रिवीलिंग ड्रेसेस में अपनी अदाओं से हर किसी को एक्ट्रेस ने 'घायल' किया।

इंस्टाग्राम पर जाह्नवी खुद की ग्लैम लाइफ दिल खोलकर रखती हैं। रखें भी क्यों न, आखिर सोशल मीडिया पोस्ट्स से जाह्नवी मोटी रकम जो कमाती हैं। इस पैसे से वह अपनी EMI भरती हैं। यकीन नहीं आता तो खुद जान लें। जाह्नवी ने एक इंटरव्यू में इसका खुलासा किया है। जाह्नवी कपूर ने अपनी दोनों ही रील और रियल लाइफ को लेकर बताया कि 'मुझे अक्सर लोग यह सवाल करते हैं कि फिल्में तो मेरी एक मिडिल क्लास लड़की और साधारण दिखने वाली लड़की पर रहती हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर मैं एकदम अलग नजर आती हूं। ऐसे में लोगों के लिए दोनों ही भिन्न इमेज गले के नीचे उतारना काफी मुश्किल हो जाता है। सच कहूं तो मैं परवाह नहीं करती। मैं इस तरह की कैल्कुलेशन करने से बचती हूं। दर्शक जब मुझे मनीष मल्होत्रा की साड़ी में देखते हैं, वहीं दूसरी ओर अचानक से कुर्ता-पायजामा में देखते हैं तो उनके मन में दो इमेज मेरी क्रिएट होती हैं। एक चीज मेरे आर्ट का हिस्सा है तो दूसरा कहीं न कहीं मेरी पर्सनल लाइफ है। मैं इसके बारे में सोचती हूं और कोशिश करती हूं कि ज्यादा से ज्यादा रियल और सच रहूं। जो हूं, वही लोगों को दिखाऊं. रियल लाइफ में जैसी हूं, वही दिखाती हूं। जाह्नवी कपूर का कहना है, 'सोशल मीडिया लाइफ मेरी काफी मजेदार है। मैं अपनी इन पोस्ट्स से यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हूं कि और ब्रैंड्स मुझे एंडॉर्समेंट्स के लिए अप्रोच करें, जिससे मैं अपनी ईंध भर सकूं। मैं कुछ भी लाइफ में बहुत सीरियसली नहीं लेना प्रिफर करती। मेरा सोशल मीडिया मेरे लिए एक मजेदार विकल्प की तरह है। अगर मैं क्यूट दिखती हूं तो पांच और एक्स्ट्रा लोग मेरी फोटो देखेंगे। मैं ज्यादा कमा पाऊंगी और EMI अपनी आसानी से भर सकूंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिली' 4 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई है। यह सर्वाइवर थ्रिलर फिल्म मलयालम हिट फिल्म 'हेलन' की हिंदी रीमेक है।

# छलका नीना गुप्ता का दर्द : सोचा नहीं था ऐसे इंसान से प्यार करूंगी



नीना गुप्ता को वेस्टइंजीज के खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स से प्यार हो गया था। दोनों ने कई सालों तक एक दूसरे को डेट किया और फिर नीना प्रेग्नेंट हो गई थीं। बिना शादी के ही नीना ने बेटी मसाबा गुप्ता को जन्म दिया और समाज के सवालों का अकेले सामना भी किया। एक्ट्रेस ने अकेले ही अपनी बेटी की परवरिश की।

नीना गुप्ता असल मायनों में बॉलीवुड की दबंग एक्ट्रेस हैं। नीना ने कभी इस बात की परवाह नहीं की कि लोग क्या कहेंगे। उन्होंने हमेशा अपनी शर्तों पर अपनी जिंदगी गुजारी। नीना ने अपनी लाइफ में कई बोल्ड फैसले लिए। उन्होंने लोगों के ताने भी सुने लेकिन कभी खुद को टूटने नहीं दिया। नीना गुप्ता को वेस्टइंजीज के खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स से प्यार हो गया था। दोनों ने कई सालों तक एक दूसरे को डेट किया और फिर नीना प्रेग्नेंट हो गई थीं। बिना शादी के ही नीना ने बेटी मसाबा गुप्ता को जन्म दिया और समाज के सवालों का अकेले सामना भी किया। नीना और विवियन रिचर्ड्स कभी साथ नहीं रहे। एक्ट्रेस ने अकेले ही अपनी बेटी की परवरिश की। नीना गुप्ता ने अब बिन ब्याही मां बनने पर बात की है। नीना ने कहा कि उन्होंने जो फैसला लिया उसके बारे में कभी प्लान नहीं किया था। नीना गुप्ता ने आगे कहा मैंने कभी हार नहीं मानी। मैं अपने फैसले पर खड़ी रही। मैंने कभी किसी से फाइनेंशियल या इमोशनल हेल्प नहीं मांगी। मैंने झेला, सहा और इसे इन्जॉय भी किया। इसके अलावा मैं और कर भी क्या सकती थी? या तो मैं रोती रहती या फिर किसी से मुझसे शादी करने के लिए सिफारिश करती। मैं रोते हुए अपनी जिंदगी बर्बाद कर चुकी होती। इतनी बहादुरी दिखाने का मेरा प्लान नहीं था, लेकिन मैंने सिर्फ हालातों को एक्सेप्ट किया और जो ईश्वर ने मुझे दिया उसके साथ आगे बढ़ती गई। नीना गुप्ता रियल लाइफ में वाकई में एक चमकती हुई शख्सियत हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर भी वो किसी से कम नहीं है। नीना गुप्ता कई हिट फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिल में खास जगह बना चुकी हैं. एक्ट्रेस के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। नीना गुप्ता को कुछ समय पहले ही गुडबाय फिल्म में देखा गया है। अब वो अपनी अपकमिंग फिल्म ऊंचाई की रिलीज के लिए तैयार हैं। नीना के साथ ऊंचाई में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी लीड रोल में होंगे।

# सिनेमा हॉल में जमीन पर बैठकर फिल्में देखते थे अमिताभ बच्चन



बॉलीवुड के शहंशाह और मेगास्टार अमिताभ बच्चन आज भी अपनी सिंपलिसिटी के लिए जाने जाते हैं। अमिताभ के हर अंदाज पर फैंस फिदा रहते हैं। अमिताभ बॉलीवुड के साथ टीवी की भी जान बन गए हैं। कौन बनेगा करोड़पति शो में अमिताभ अपनी जिंदगी के अनसुने किस्से साझा करके हर किसी को इंस्पायर करते हैं। अब बिग बी ने कुछ ऐसा बताया है, जिसे जानने के बाद आप भी उनकी सादगी के मुरीद हो जाएंगे।

कौन बनेगा करोड़पति में ऊंचाई फिल्म की स्टारकास्ट ने शिरकत की। बोमन ईरानी, अनुपम खेर और नीना गुप्ता संग अमिताभ ने बातचीत करते हुए अपने पुराने दिनों को याद किया। तीनों स्टार्स ने ऊंचाई फिल्म की शूटिंग के दौरान अपनी मस्ती और स्पेशल मोमेंट्स को रिकॉल किया। तब अमिताभ बच्चन ने भी अपनी जिंदगी का एक दिलचस्प किस्सा सभी के साथ शेयर किया। बिग-बी ने बताया कि होस्टल के दिनों में उनके पास पैसों की कमी होती थी। उनके पास सिनेमा जाकर फिल्में देखने के भी पैसे नहीं होते थे। लेकिन उन्हें थिएटर में फिल्में देखना का इतना ज्यादा शौक था कि वो सिनेमा के सेक्रेटरी से रिक्वेस्ट करते थे कि वो उन्हें फिल्म देखने की परमिशन दे दे। अमिताभ ने कहा- सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के मेरे पास पैसे नहीं होते थे। ऐसे में जमीन पर बैठकर बिना टिकट लिए ही फिल्में देखा करता था। अमिताभ की बात सुनकर सभी लोग हैरान रह गए। अमिताभ की सादनी ने सभी के दिल जीत लिए। इसके अलावा अमिताभ ने खुलासा किया कि अनुपम खेर शानदार शोल्डर मसाज करते हैं। अनुपम ने शो में अमिताभ को शोल्डर मसाज भी दी। सभी दिग्गज कलाकारों ने एक दूसरे संग खूब मस्ती-मजाक की। फिल्म ऊंचाई की बात करें तो ये फिल्म 4 दोस्तों की कहानी है। इसमें अमिताभ बच्चन भी दिखेंगे। बिग बी के अलावा अनुपम खेर, बोमन ईरानी और डैनी डेनजोंगपा भी नजर आएंगे।

# बॉक्स ऑफिस पर फेल हुआ अक्षय कुमार का स्टारडम



बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों लगभग 4 से 5 फिल्में मुकाबला कर रही हैं। इनमें जाह्नवी कपूर की मिली, सोनाक्षी सिन्हा की डबल एक्सएल, कटरीना कैफ की फोन भूत, अजय देवगन की थैंक गॉड और अक्षय कुमार की राम सेतु शामिल है। इतने तगड़े मुकाबले के बाद भी राम सेतु बॉक्स ऑफिस पर अच्छा पर परफॉर्म कर रही थी। वीकेंड पर भी फिल्म ने ठीक-ठाक कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में काफी गिरावट देखने को मिली और राम सेतु की कमाई अब तक के निचले स्तर पर पहुंच गई है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुई राम सेतु ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 15.25 करोड़ के साथ खाता खोला था। इसके बाद हर बढ़ते दिन के साथ फिल्म की कमाई में कुछ गिरावट देखने को मिली। फिर भी राम सेतु का कलेक्शन हमेशा 1 करोड़ से ऊपर ही रहा। फिल्म ने अपने दोनों वीकेंड पर भी लागत निकालने की पूरी कोशिश की और राम सेतु का कलेक्शन बीते रविवार को 70 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया। जबकि, सोमवार को कलेक्शन में एक बार फिर गिरावट आई और 7 नवंबर को राम सेतु ने अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया। बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए राम सेतु ने अब तक खूब मेहनत की है और सफल भी रही है, लेकिन फिल्म का बीते दिन का कलेक्शन देख कर लगता है कि राम सेतु की सिनेमाघरों से जल्द छुट्टी हो सकती है। फिल्म ने शनिवार को 1.75 करोड़ कमाए थे। जबकि, रविवार को कलेक्शन 1.80 करोड़ तक पहुंच गया। Sacnilk की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को राम सेतु ने देशभर में 85 लाख रुपये कमाए।

# नोरा फतेही ने रेड थाई हाई स्लिट ड्रेस में दिखाईं कातिलाना अदा



फेमस डांसर नोरा फतेही इन दिनों टीवी शो झलक दिखला जा 10 को जज कर रही हैं और फैंस नोरा को हर दिन टीवी पर देखकर अपना दिल हार बैठते हैं। ऐसे में हाल ही में नोरा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरों शेयर की हैं जो फैंस को दिलों को जमकर भा रही हैं। जिसमें वो एक बार फिर ग्लैमरस अवतार में कहर ढा रही हैं।

नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बोल्ड तस्वीरें शेयर की है, इसमें उन्हें डीप नेक स्लीवलैस थाई हाई स्लिट वन पीस गाउन पहने देखा जा सकता है। डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही रेड कलर के ड्रेस में सनसनी मचा दी हैं। बोल्ड रेड रंग के शिमरी गाउन में नोरा बेहद बोल्ड लग रही हैं। इसकेहर ढा रहे ड्रेस में तैयार होते हुए नोरा ने खूबसूरत और ग्लैमरस मेकअप भी किया है। हाई थाई स्लिट और डीप नेक गाउन में नोरा की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब धमाल मचा रही हैं। वैसे भी नोरा की एक झलक देखने के लिए उनके फैंस हमेशा उत्सुक रहते हैं। नोरा फतेही की पहली तस्वीर क्लोजअप है, इसमें उनका स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है। ये तस्वीरें नोरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जिसमें वो रेड कलर का शिमरी डीपनेक गाउन पहने नजर आ रही हैं। नोरा फतेहीउन्होंने साझा किए हुए फोटोज में एक क्वीन की तरह पोज दे रही हैं। उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल को फैशन डायरी की तरह भी देखा जा सकता है। नोरा फतेही ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, मैं समझ गई, आपको कोई चाहिए जो यह साबित करे कि आप गलत हो। इसके साथ उन्होंने एक मिर्ची और एक स्ट्रॉबेरी की इमोजी भी शेयर की है। नोरा फतेही ने जानकारी दी है कि उन्होंने फाल्गुनी शेन पीकॉक की ड्रेस पहन रखी है। नोरा के इस लुक ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी हैं। हर कोई एक्ट्रेस के लुक में फिदा होता नजर आ रहा हैं। नोरा लगातार अपनी तस्वीरों से हर किसी का दिल जीत लेती हैं। नोरा फतेही ने हाल ही में फिल्म थैंक गॉड का गाना आया था जिसमें उन्होंने अपनी कातिल अदाओं से हर किसी को घायल कर दिया था। नोरा फतेही फिल्म एक्ट्रेस है, उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है, वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं।

# पाकिस्तान में हाहाकार, ड्रेसिंग रूम वीडियो आया सामने

पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जैसे तैसे दूसरी टीमों के भरोसे टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। हालांकि बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम जिस तरह से अपने पहले ही मुकाबले में टीम इंडिया से हारी और उसके बाद जिम्बाब्वे जैसी कमजोर मानी जाने वाली टीम ने भी उसे धूल चटा दी, उसके बाद उसका सेमीफाइनल में जाना मुश्किल नजर आ रहा था। वैसे तो पाकिस्तान ने इसके बाद अपने बचे हुए तीनों मैच जीते, लेकिन इसके बाद भी पाकिस्तान का सेमीफाइनल में जाना पक्का नहीं था, अगर दक्षिण अफ्रीका की टीम नीदरलैंड से अपना आखिरी मुकाबला नहीं हारी होती। सुपर 12 के आखिरी मैच में नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया और उसके बाद पाकिस्तान की टीम में एक नई जान आ गई। इस मैच के बाद पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराया और सेमीफाइनल में अपनी सीट पक्की कर ली। हालांकि इसमें पाकिस्तानी टीम से ज्यादा योगदान नीदरलैंड की टीम का है, जो बाहर होने के बाद भी पाकिस्तानी टीम को संजीवनी देने का काम कर गई। इस बीच पाकिस्तानी टीम का सेमीफाइनल में मुकाबला न्यूजीलैंड से नौ नवंबर को होना है। इससे पहले ही पाकिस्तान में हाहाकार और हड़कंप सा मचा हुआ है।

दरअसल पाकिस्तानी टीम का एक ड्रेसिंग रूम वीडियो सामने आ गया है। जिसमें दिख रहा है कि टीम के खिलाड़ी और कोच क्या बोल और कह रहे हैं। वैसे तो ये वीडियो पुराना है, लेकिन पाकिस्तान के ही पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और कप्तान रहे वसीम अकरम ने इस पर सवाल उठा दिए हैं। वसीम अकरम और वकार यूनुस ने ड्रेसिंग रूम की बातें सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए पीसीबी की कड़ी आलोचना की है। पीसीबी ने टी20 विश्व कप में भारत से हार के बाद ड्रेसिंग रूम में कप्तान बाबर आजम के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया था। इसके बाद रविवार को जब टीम ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया तो बाबर आजम और टीम के मेंटर मैथ्यू हेडन का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया गया था। वसीम अकरम और वकार यूनिस ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में जो कुछ भी होता है उसे गोपनीय रखना चाहिए। अकरम ने एक खेल चैनल से कहा कि अगर मैं बाबर आजम की जगह होता तो वीडियो बनाने वाले शख्स को उसी समय रोक देता क्योंकि ड्रेसिंग रूम में कई व्यक्तिगत बातें भी होती हैं, और अगर उन्हें सार्वजनिक कर दिया जाता है तो यह शर्मसार करने वाली हो सकती हैं। वसीम अकरम ने ये भी कहा कि मुझे नहीं लगता किसी अन्य टीम ने विश्व कप में या उससे पहले ऐसा किया होगा। मैं फैंस की संख्या बढ़ाने की इच्छा समझ सकता हूं लेकिन यह अति है। वहीं वकार यूनिस ने भी अकरम की बातों से सहमति जताई और कहा पहले भी ड्रेसिंग रूम की बातें सार्वजनिक होने से पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वसीम ने जो कहा मैं उससे शत प्रतिशत सहमत हूं। ड्रेसिंग रूम में जो कुछ भी होता है उसे वहीं तक सीमित रहना चाहिए। यह अभी की समस्या नहीं है इससे पहले भी ड्रेसिंग रूम की बातें मीडिया में लीक हो गई थी। पाकिस्तानी टीम के लिए ये विश्व कप कुछ खास नहीं गया है। टीम इंडिया से पीटने के बाद जिम्बाब्वे ने भी उसे हराया। हालांकि टीम ने दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और बांग्लादेश को हराया, लेकिन ये काफी करीब जीत रही हैं।

# कोहली-रोहित और द्रविड़ ने फ्लाइट में कुर्बान की बिजनेस क्लास सीट

टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दौरान टीम इंडिया को मैच खेलने के अलावा ऑस्ट्रेलिया के अलग-अलग शहरों की यात्रा करनी पड़ रही है। भारतीय टीम ने अभी तक इस टी20 वर्ल्ड कप के मैचों को खेलने के लिए मेलबर्न, सिडनी, पर्थ और एडिलेड की यात्रा की है। टीम इंडिया हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलने के लिए मेलबर्न से एडिलेड पहुंची है. 10 नवंबर को भारत एडिलेड ओवल में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

टीम इंडिया जब मेलबर्न से एडिलेड रवाना हुई तो फ्लाइट में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़ और धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी बिजनेस क्लास सीट कुछ खास लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जिसके पीछे की वजह जानकर हर कोई हैरान रह जाएगा। टीम इंडिया के एक सपोर्ट स्टाफ के सदस्य ने इंडियन एक्सप्रेस को इस बात की जानकारी देते हुए बड़ा खुलासा किया है।

टीम इंडिया के एक सपोर्ट स्टाफ के सदस्य ने कहा, 'भारतीय टीम के खिलाड़ी जब मेलबर्न से एडिलेड रवाना होने के लिए फ्लाइट में बैठे तो कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़ और धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी बिजनेस क्लास सीट टीम के तेज गेंदबाजों के लिए कुर्बान कर दी, ताकि वह आराम से अपने पैर फैलाकर बैठ सकें। बता दें कि इन दिनों मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक पांड्या जैसे दिग्गज जमकर गेंदबाजी कर रहे हैं और उन्हें आराम की बेहद जरूरत है। ऐसे में उन्हें आराम देने के लिए रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली ने अपनी बिजनेस क्लास सीट छोड़ दी। बता दें कि बिजनेस क्लास सीट बहुत आरामदायक होती है, जिसमें पैर फैलाकर आराम से बैठा जा सकता है।

जौनपुर धारा (हिन्दी दैनिक) –: प्रकाशक, स्वामी, मुद्रक एवं सम्पादक विकास सोनी द्वारा विराट प्रिंटर्स प्रेस, ताड़तला तूतीपुर रोड़ जौनपुर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक -: विकास सोनी, मो.न. 9616404849,8687885075
ई-मेल : vsoni0182@gmail.com, jaunpurdhara@gmail.com समाचार-पत्र सम्बन्धी सभी वादों का निबटारा जौनपुर न्यायालय में होगा।